भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

सकारात्मक साप्ताहिक हिन्दी अखबार

# जागरूक जनता

होली महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ

जयपुर, 20 मार्च - 26 मार्च, 2024

फाल्गुन, पक्ष - शुक्ल, तिथि - एकादशी, संवत 2080 | पृष्ठ : 8 | बुधवार | वर्ष-10, अंक-4 | मूल्य ₹ 5/- | वार्षिक मूल्य : ₹ 250/- | jagrukjanta.net


## आमजन व पैदल यात्रियों की मानमनुहार, शायद सतयुग में होता होगा ऐसा सत्कार!

सटीक

शिव दयाल मिश्रा
@jagrukjanta.net

**भारतीय** संस्कृति में स्वागत सत्कार, मान-सम्मान रचा-बसा हुआ है। भारतीय संस्कृति का प्राण है अतिथि सत्कार। यूं तो पूरे देश में हजारों हजार मेले प्रतिवर्ष भरते हैं। मगर मैं बात कर रहा हूं खाटू श्याम मेले की। जहां देश-विदेश से लोग आते हैं खाटू के दरबार में हाजिरी लगाने के लिए। बड़ी श्रद्धा के साथ दूर-दूर से चलकर लोग आते हैं। कोई पैदल तो कोई वाहन से। मगर सबके दिल में पूरी यात्रा के दौरान खाटू बाबा ही समाए रहते हैं। इस समय खाटू का मेला अपने परवान पर है। खाटू गांव के चारों तरफ से ध्वजा लिए हुए श्रद्धालु उमड़े आ रहे हैं। अनवरत बिना थके बिना कोई चेहरे पर शिकन चले आ रहे हैं चले जा रहे हैं खाटू के दरबार में। इस समय खाटू के मेले में दो प्रकार के भक्तों का आना और जाना लगा हुआ है। एक तो वे भक्त हैं जो पैदल अपने श्याम बाबा के दर्शनों के लिए देश-दुनिया से चले आ रहे हैं। बड़ी-बड़ी रंग-बिरंगी ध्वजाएं लेकर। दूसरे वे भक्त हैं जो बाबा के दरबार में हाजिरी लगाने आने वालों को कोई परेशानी न हो इस बात का ध्यान रखते हुए उनके आगमन में उनके सत्कार में पलक पावड़े बिछाकर बड़े-बड़े और छोटे-छोटे भंडारे लगा रहे हैं। उनके खाने-पीने की व्यवस्थाएं कर रहे हैं। रात्रि विश्राम की व्यवस्थाएं कर रहे हैं। सब अपनी-अपनी हैसियत के अनुसार कोई एक दिन का कोई दो दिन का तो कोई तीन दिन का भंडारा लगा रहे हैं। कई-कई भक्तों ने तो पूरे मेले के लिए अच्छा भोजन और आराम के लिए गद्दे-रजाई सब तरह की सुविधाएं बाबा के दर्शन को आने वाले उन अनजान भक्तों के लिए कर रखी है जिनको कभी देखा भी नहीं होगा। इस समय बाबा के चारों तरफ ऐसा सेवा भक्ति का भाव उमड़ रहा है मजाल किसी को कोई परेशानी हो। तबीयत खराब हो जाए तो उनकी चिकित्सा के लिए भी व्यवस्था की हुई है। कहने का मतलब है कि इस समय खाटू मेले में भक्ति और श्रद्धा का सैलाब आया हुआ है। कोई अपने वाहन को रोड किनारे खड़ा कर खिलाकर आनन्द महसूस कर रहा है तो कोई भंडारे में खाकर आनन्द महसूस कर रहा है। और चले जा रहे हैं अनवरत। होली के भजन गाते हुए। बाबा के जयकारे लगाते हुए। छोटे-छोटे बच्चे-बच्चियां, युवक-युवतियां, महिला-पुरुष, बड़े-बूढ़े टोलियों में सब दर्शनों को चले जा रहे हैं। दूर-दूर तक सिर्फ और सिर्फ ध्वजा लिए जाते हुए भक्तों की कतारें ही दिखाई दे रही हैं। ऐसे दृश्यों को देखकर ऐसा लगता है शायद ये सतयुगी दौर चल पड़ा हो। हालांकि सतयुग हमने और आपने देखा तो नहीं है। मगर ऐसा लगता है शायद सतयुग में ऐसा होता होगा। मगर यहां तो वर्तमान में भले ही कुछ दिनों के लिए ही सही, सतयुग का आभास तो हो ही रहा है।

Shivdayalmishra@gmail.com


जागरूक जनता
घर मंगवाये अपना अखबार
खबर, विज्ञप्ति, विज्ञापन, आलेख, कार्यक्रम सूचना, प्रेसनोट हमें भेजें
jagrukjantanews@gmail.com
0141-3587886


IQAir रिपोर्ट में राष्ट्रीय राजधानी 2018 से लगातार चार बार दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी घोषित

# दिल्ली दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी, 134 देशों में पाक

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** स्विस संगठन IQAir द्वारा विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट के अनुसार बिहार का बेगुसराय दुनिया के सबसे प्रदूषित महानगरीय क्षेत्र के रूप में उभरा। वहीं दिल्ली को सबसे खराब वायु गुणवत्ता वाली राजधानी के रूप में पहचाना गया। IQAir रिपोर्ट 2023 के अनुसार औसत वार्षिक PM2.5 सांद्रता 54.4 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर के साथ भारत 2023 में बांग्लादेश 79.9 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर और पाकिस्तान 73.7 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर के बाद 134 देशों में से तीसरी सबसे खराब वायु गुणवत्ता है। 2022 में भारत आठवें सबसे प्रदूषित देश के रूप में स्थान दिया गया था। राष्ट्रीय राजधानी को 2018 से लगातार चार बार दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी का दर्जा दिया गया।



### कहां-कहां से कलेक्ट किया डेटा

IQAir ने कहा कि इस रिपोर्ट को बनाने के लिए उपयोग किया गया डेटा 30,000 से अधिक नियामक वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशनों और अनुसंधान संस्थानों, सरकारी निकायों, विश्वविद्यालयों और शैक्षिक सुविधाओं, संगठन, निजी कंपनियां, नागरिक वैज्ञानिक, गैर-लाभकारी और गैर-सरकारी की ओर से संचालित कम लागत वाले वायु गुणवत्ता सेंसर के वैश्विक वितरण से एकत्र किया गया था।

### दुनिया में हर 9 मौतों में से 1 वायु प्रदूषण से

2022 विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट में 131 देशों, क्षेत्रों और क्षेत्रों के 7,323 स्थानों का डेटा शामिल था। 2023 में ये संख्या बढ़कर 134 देशों, क्षेत्रों और क्षेत्रों में 7,812 स्थानों तक पहुंच गई। दुनिया भर में हर नौ मौतों में से एक वायु प्रदूषण के कारण है। वायु प्रदूष मानव स्वास्थ्य के लिए सबसे बड़ा पर्यावरणीय खतरा है। WHO के अनुसार वायु प्रदूषण हर साल दुनिया भर में अनुमानित सात मिलियन असामयिक मौतों के लिए जिम्मेदार है।

### PM2.5 वायु प्रदूषण से होती हैं ये बीमारियां

PM2.5 वायु प्रदूषण के संपर्क में आने से स्वास्थ्य संबंधी कई बीमारियां पैदा होती हैं। इनमें अस्थमा, कैंसर, स्ट्रोक और फेफड़ों की बीमारी शामिल है, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं है। सूक्ष्म कणों के ऊंचे स्तर के संपर्क में आने से बच्चों में संज्ञानात्मक विकास ख़राब हो सकता है। मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती हैं साथ ही मधुमेह सहित मौजूदा बीमारियाँ जटिल हो सकती हैं।



गहलोत-पायलट के करीबी नेता भाजपा में शामिल

# 13 नेता मुख्यमंत्री की मौजूदगी में भाजपा में शामिल

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जोधपुर।** लोकसभा चुनाव की सरगर्मियां बढ़ती जा रही हैं। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के गढ़ जोधपुर में भाजपा ने बड़ी सेंधमारी की है। गहलोत के नजदीक माने जाने वाले नेता व मारवाड़ राजपूत सभा के अध्यक्ष हनुमान सिंह खांगटा ने भाजपा का दामन थाम लिया है। इसके अलावा सचिन पायलट के नजदीक सरपंच सुरेश गुर्जर सहित 13 नेताओं ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ली।

क्लस्टर बैठक में हुए इस सियासी दांव के बाद एक निजी होटल में कोर कमेटी की बैठक हुई। यहां कांग्रेस नेता व पूर्व सांसद मानवेन्द्र सिंह जसोल की सीएम से मुलाकात भी सियासी गलियारों में चर्चा का विषय रही। बंद कमरे में दोनों ने 40 मिनट तक बातचीत की। इधर, मारवाड़ में बगावत का बिगुल बजा चुके शिव विधायक रविन्द्र सिंह भाटी पर भी सभी की नजरें रही। पहले उन्होंने किसी प्रकार के संकेत नहीं दिए, लेकिन बैठक खत्म होने के बाद सीएम शर्मा उन्हें लेकर उदयपुर रवाना हुए।

### इन्होंने ली भाजपा की सदस्यता

हनुमान सिंह खांगटा, पप्पू राम डारा, भागीरथ, फगलु राम, सुखदेव देवासी, देवेंद्र बेनीवाल, तेजाराम, सुरेश गुर्जर, सोहनलाल जांगिड़ जगदीश कडेला, सहीराम, मंगलूराम, बीरम बेनीवाल ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इनमें पप्पूराम डारा ने विस चुनाव में फलोदी से टिकट मांगा था, लेकिन नहीं मिला। जबकि सुरेश गुर्जर गोटन से सरपंच हैं।

### भाटी की मनौव्वल

शिव विधायक रविन्द्र सिंह भाटी के बगावती तेवर के बाद उनकी मान-मनौव्वल का दौर जारी है। मंगलवार सुबह सीएम के आने से पहले भाटी ने कहा कि चुनाव लड़ने का निर्णय वे समर्थकों से बातचीत के बाद लेंगे। इसके बाद दोपहर में बैठक खत्म कर जब सीएम उदयपुर रवाना हुए तो भाटी भी उनके साथ गए। ऐसे में इसे डेमेज कंट्रोल के रूप में देखा जा रहा है।

### नहीं पहुंचे सीपी जोशी

**चुनाव** की तैयारी को लेकर मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं की बैठक ली। क्लस्टर बैठक में जोधपुर लोस क्षेत्र के अलावा जालोर-सिरोही, बाड़मेर-जैसलमेर और पाली लोस से भी कार्यकर्ता व पदाधिकारी पहुंचे। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी को भी शामिल होना था, लेकिन वे जोधपुर नहीं आए।


## HBOT जीवन रक्षक प्रणाली द्वारा इलाज

ऑक्सीजन (प्राणवायु) ट्रीटमेंट

» मस्तिष्क चोट, पक्षाघात/लकवा
» सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज्म
» असाध्य घाव/शुगर के घाव
» कैंसर (रेडियो थेरेपी) के साईड इफेक्ट
» अचानक बहरापन (Hearing Loss)
» डाईबेटिक फुट में अम्पुटेशन (पैर कटने) से बचाव

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-
98290-17133, 70737-77133
9983317133
डॉ. हिमांशु अग्रवाल M.B.B.S. M.D.

नेशनल हायपरबैरिक रिसर्च सैन्टर
594-B-C, जेम्स कॉलोनी, सैक्टर-3, मंदिर मोड, विद्याधर नगर, जयपुर

Dept. of Hyperbaric Medicine
Fortis Escorts Hospital
JLN Marg, Malviya Nagar, Jaipur

E-mail : hbotjaipur@gmail.com
www.nationalhbot.in


ANCHOR | लोकसभा आम चुनाव-

# 2156 फ्लाइंग स्कवॉयड टीमें कर रहीं चप्पे-चप्पे की निगरानी

222 पुलिस नाके, 45 आबकारी चैकपोस्ट, 64 वन विभाग के चैकपोस्ट ड्रग्स एवं शराब के परिवहन पर नजर

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने लोकसभा आम चुनाव - 2024 के संबंध में निर्वाचन अवधि के दौरान सम्पादित किये जाने वाले कार्यों को लेकर विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियो के नोडल अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। श्री गुप्ता चुनाव की तैयारियों के विषय में मंगलवार को जयपुर में सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में विभिन्न प्रवर्तन एजेन्सियों के नोडल अधिकारियों की निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण से सम्बन्धित समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।



बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने अवगत कराया कि निर्वाचन व्यय के क्रम में इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट (ईएसएमएस) एप पर 313 जिला नोडल अधिकारी, 2,156 फ्लाइंग स्कवॉयड टीम ने चुनाव घोषणा के साथ ही कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। बैंकों के नकद ट्रांजक्शन के क्रम में 8,676 बैंक इस एप में ऑनबोर्ड होकर कार्य कर रहे है। 222 पुलिस नाके, 45 आबकारी चैकपोस्ट एवं 64 वन विभाग के चैकपोस्ट ड्रग्स एवं शराब के परिवहन पर कड़ी नजर रखकर प्रभावी कार्रवाई कर रहे हैं।

गुप्ता ने इंटर-डिपार्टमेंटल समन्वय एवं इंटिलिजेंस शेयरिंग पर विशेष जोर दिया। उन्होंने शराब, ड्रग्स एवं मादक पदार्थों के मार्ग के बारे में चर्चा की तथा संदिग्ध अंतर्राज्यीय मार्गों पर विशेष निगरानी एवं चैक पोस्ट स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने हवाई पट्टी एवं हैलिपैड पर चैंकिंग संबंधी एसओपी की जानकारी दी। श्री गुप्ता द्वारा पुलिस विभाग को निर्देशित किया गया कि वे इंटर-स्टेट समन्वय स्थापित कर इंटेलिजेंस साझा कर सीजर में गति लाएं तथा 48 नेशनल हाइवे एवं भारतमाल सड़क पर विशेष निगरानी रखते हुए मादक पदार्थ एवं शराब के सीजर की कार्रवाई करें। बैठक में, विधानसभा आम चुनाव 2018 एवं 2023 एवं लोकसभा आम चुनाव-2019 के दौरान की गई जब्ती (नकदी, शराब, मादक पदार्थ, कीमती धातु एवं अन्य सामग्री) एवं रिलीज की अपडेटेड सूचना का प्रस्तुतीकरण किया गया।







राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में प्रसारित | जागरूक जनता www.jagrukjanta.net | बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 फोन : 0141-3587886 | सम्पर्क करें | विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए 9928022718 jagrukjantanews@gmail.com | समाचार प्रकाशित करवाने के लिए 9829329070 jagrukjantanews@gmail.com

## जागरूक खबरें



### सेक्टर 14 कावेरी पथ मे फागोत्सव मनाया गया

**जयपुर @ जागरूक जनता।** बाबा श्याम का विशाल फागोत्सव और भजन संध्या का आयोजन शनिवार 16 मार्च 2024 को सिद्दी विनायक पार्क सेक्टर 14 कावेरी पथ पर किया गया। सिद्दी विनायक समिति के मेंबर मोहन साहू ने बताया की इस प्रोग्राम मे फूलों द्वारा होली खेली गई,छप्पन भोग की झाकी लगाई गई तथा भजनों से बाबा श्याम को रिझाया गया। भजन गायक लक्की, रोहित कुमावत तथा अमित नामा ने हाजिरी लगाई। कार्यक्रम मे राजकुमार सक्सेना, आशीष शर्मा, राम दाधीच, तरुण गुप्ता तथा मोहित शर्मा की सक्रिय भूमिका रही।

### ललित शर्मा बने केन्द्र सरकार के अधिवक्ता

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान में दौसा ज़िले के निवासी एवं एडवोकेट ललित शर्मा को केंद्र सरकार के क़ानून एवं विधि मंत्रालय ने राजस्थान उच्च न्यायालय में केन्द्र सरकार का अधिवक्ता नियुक्त किया है।

## लोकसभा आम चुनाव-2024 : सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक किया जा सकेगा नामांकन

# लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन का श्रीगणेश आज

जागरूक जनता
jagrukjanta.net


**जयपुर।** लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि जयपुर एवं जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र के लिए 20 मार्च से 27 मार्च तक कार्यदिवसों में नामांकन प्रपत्र प्रस्तुत किये जा सकेंगे। नामांकन प्रपत्रों की जांच 28 मार्च को की जाएगी। नामांकन वापस लेने की अंतिम तारीख 30 मार्च है। जयपुर एवं जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र के लिए 19 अप्रैल को मतदान होगा एवं 4 जून को मतगणना को होगी।

### नामांकन प्रस्तुत करने के लिए कलेक्ट्रेट में इस प्रकार रहेगी व्यवस्था

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया को व्यवस्थित करने के लिए कलेक्ट्रेट परिसर मे नामांकन प्राप्त करने वाले रिटर्निंग अधिकारी के निर्धारित कक्ष में प्रवेश हेतु मेन गेट एवं चैनल गेट तय किये गए हैं। जयपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए नामांकन प्रथम तल पर कमरा नंबर 103 प्रस्तुत किये जा सकेंगे। जिसके लिए प्रवेश हेतु मैन गेट नंबर 2 एवं मुख्य पोर्च की सीढ़ियों से निर्धारित किया गया है। वहीं, जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र के लिए नामंकन भूतल पर कमरा नंबर 6 में प्रस्तुत किये जा सकेंगे। जिसके लिए प्रवेश हेतु मैन गेट नबंर 1 एवं चैनल गेट नंबर 1 निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि नामांकन प्रस्तुतीकरण, समीक्षा एवं नाम वापसी के दौरान संबंधित रिटर्निंग अधिकारी, कानून व्यवस्था प्रकोष्ठ तथा पुलिस विभाग द्वारा समुचित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जावेगी।

### नामांकन में प्रत्याशी सहित 5 व्यक्ति आरओ कक्ष में दिया जाएगा प्रवेश

उन्होंने बताया कि नामांकन भरने की प्रक्रिया सुबह 11 बजे से शुरू होगी जो दोपहर 3 बजे तक चलेगी। दोपहर 3 बजे के उपरांत कक्ष में किसी भी व्यक्ति को प्रवेश करने या दस्तावेज लाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। नामांकन भरने पहुंचे अभ्यर्थी के साथ 4 व्यक्ति सहित कुल 5 व्यक्ति ही रिटर्निंग अधिकारी (आरओ) के कक्ष में प्रवेश कर सकेंगे। नामांकन भरने पहुंचे व्यक्ति के काफिले में केवल तीन वाहनों को ही आरओ कार्यालय के 100 मीटर के अंदर प्रवेश की अनुमति दी जाएगी।



### पूर्णरूप से भरा होना चाहिए नामांकन पत्र

**उन्होंने** ने बताया कि प्रत्याशी को नामांकन दाखिल करने के समय नामांकन पत्र के सभी कॉलम अनिवार्य रूप से भरने होंगे। नामांकन पत्र भरने के दौरान रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय के 100 मीटर के दायरे में अधिकतम तीन वाहनों को ही अनुमति दी जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों तथा नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने वाले प्रत्याशियों से नियमों की पालना करते हुए नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान अभ्यर्थी तथा विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा यह सुनिश्चित किया जाए कि विभिन्न गतिविधियों के दौरान आचार संहिता का उल्लंघन ना हो।

### प्रचार सामग्री के प्रकाशन में हो नियमों की पालना

**राजनीतिक** दल, प्रत्याशियों तथा उनके समर्थको द्वारा प्रकाशित करवाए जाने वाले पम्पलेट, पोस्टर, विज्ञापन अथवा हैण्डबिल प्रकाशित या मुद्रित करवाते लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127 क के विभिन्न प्रावधानों की पालना हो। पम्पलेट, बैनर तथा पोस्टर के मुख्य पृष्ठ पर मुद्रक एवं इसके प्रकाशक का नाम तथा पता अनिवार्य रूप से लिखवाना होगा। साथ ही उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति किसी निर्वाचन पम्पलेट या पोस्टर का मुद्रण तब तक नहीं करवा सकेगा जब तक कि प्रकाशक की पहचान की घोषणा उसके द्वारा हस्ताक्षरित तथा दो व्यक्ति जो उन्हें व्यक्तिगत रूप से जानते हो द्वारा सत्यापित न करवाया जाए। सत्यापन के पश्चात मुद्रक को इसकी दो प्रतिलिपि देनी होगी। दस्तावेज के प्रकाशित के पश्चात मुद्रक इसकी एक प्रति तथा घोषणा पत्र की प्रति जिला निर्वाचन अधिकारी को प्रस्तुत करेगा।

### लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लागू रहेगी धारा-144

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 प्रभावी रहेगी। इस दौरान कोई व्यक्ति, राजनीति पार्टी, संस्था बिना वैध अनुमति के जुलूस, सभा, रैली एवं सार्वजनिक सभा नहीं कर सकेगा तथा ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग नहीं कर सकेगा। प्रत्येक सभा, जुलूस एवं सार्वजनिक सभा की अनुमति आदर्श आचार संहिता एवं निर्वाचन आयोग भारत सरकार के निर्देशों की पालना के तहत होगी।

### चुनावी खर्च पर रहेगी नजर

**लोकसभा** चुनाव के अभ्यर्थी चुनाव प्रचार पर भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 95 लाख रुपये तक राशि व्यय कर सकते हैं। प्रत्याशियों को चुनाव खर्च के लिए नामांकन करने से कम से कम एक दिन पूर्व पृथक से बैंक खाता खोल कर उसका ब्यौरा निर्वाचन विभाग को उपलब्ध करवाना होगा। अभ्यर्थियों को समस्त खर्चे इसी बैंक खाते के माध्यम से करने होंगे। समस्त लेने देने की जानकारी निर्वाचन विभाग में देनी होगी। व्यय सीमा का उल्लंघन नहीं हो इसके लिए कड़ी निगरानी की व्यवस्था की गई है।

### निजी सम्पति पर बिना लिखित अनुमति के प्रचार सामग्री न लगाएं

**जिला** निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव के तहत अभ्यर्थी या राजनीतिक दल किसी निजी सम्पत्ति पर अपने बैनर या झंडे लगवा कर चुनाव प्रचार-प्रसार करना चाहते हैं तो इसके लिए संबंधित मालिक से लिखित स्वीकृति लेना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि मालिक की लिखित स्वीकृति के बाद लगाए जाने वाले बैनर या झंडे के खर्चे सहित पूर्ण विवरण एवं लिखित सहमति की प्रति अभ्यर्थी द्वारा सम्बंधित रिटर्निंग अधिकारी को 3 दिन में प्रस्तुत करनी होगी।

**विशेषज्ञ बोले,** प्राकृतिक आवास नष्ट होने से दिक्कत बढ़ी, एकजुटता से फिर बसाएं गौरैया के घरौंदे

# गुम हो रही चीं-चीं से घरों को चहकाने वाली नन्ही चिड़िया




जागरूक जनता
jagrukjanta.net



### कीटों को चट कर जाती

**विशेषज्ञों** के मुताबिक यह पक्षी फसल से कीट का नाश करती है। खेत में पाए जाने वाले छोटे कीट को भोजन बनाती है। कीट नष्ट होने से फसलों का बचाव होता है। कचरे में भी आहार खोज लेती है।

### जागरूकता बढ़ी

**पक्षी** विशेषज्ञ डॉ. सतीश शर्मा का कहना है कि गौरैया के संरक्षण को लेकर जागरूकता बढ़ रही है। स्वयंसेवी संस्थाएं भी आगे आ रही हैं। लोगों को भी इसका संरक्षण करना होगा।

### 70% तक घटी संख्या

**विशेषज्ञों** की के अनुसार इनकी प्रजनन क्षमता घटी है। जिससे इनकी 70 फीसदी तक आबादी कम हो गई है। हालत ये है कि कहीं-कहीं तो यह दिखाई ही नहीं देती है।

**जयपुर.** घर-आंगन को अपनी आवाज से चहकाने वाली गौरैया कम दिखाई देने लगी है। छोटे आकार में दिखने वाली इस चिड़िया का घरो मे बसेरा हुआ करता था, लेकिन अब यह गुम हो गई है। इसके बावजूद इनके संरक्षण को लेकर कोई ठोस कदम नही उठाए गए। विशेषज्ञों का कहना है कि इस पक्षी का सदियों से मानव समाज से जुड़ाव रहा है।

गौरैया को गांवों में आसानी से देखा जा सकता है। कुछ सालों से इनका प्राकृतिक आवास भी छिन गया है। कारण कि गांवों में भी घर पक्के हो गए। चारागाह खेती भूमि में बदल गए। इसका भोजन खेतों में कीट, कीड़े व अन्न के दाने होते हैं। कुछ वर्षो से खेतों में कीटनाशक का उपयोग बढ़ने से इनका भोजन भी इनसे दूर हो गया है।

### ये उठाने होंगे कदम

- भोजन व प्रवास के इंतजाम करने होंगे।
- स्कूल, कॉलेजों में बच्चों को अवेयर करें।
- इनके कृत्रिम घौंसले घरों में रखें।
- वन विभाग संरक्षण के लिए विशेष प्लान बनाएं।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

# चिकित्सकीय क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा के लिए किया सम्मान



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** सोडाला स्थित शिव कृपा मेटरनिटी एंड जनरल हॉस्पिटल में डॉ पूजा रूंगटा के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर समाज की उन चुनिंदा महिला कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया ,जो समाज में रहकर चिकित्सा के क्षेत्र में विभिन्न सेवाएं देती है, वे घर- घर जाकर आम जनता को जागरूक करती है टीकाकरण के लिए महिलाओं को प्रसव के पूर्व डॉक्टरी सलाह के लिए प्रेरित करती हैं, उनको टीकाकरण के लिए जागरूक बनाती है, घर पर होने वाली डिलीवरी से होने वाले नुकसान के बारे में अवगत कराती है और संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देती है। प्रसव के पश्चात होने वाले बच्चों के टीकाकरण के लिए भी प्रेरित करती है यह महिलाएं सामान्य बीमारियों के बारे में भी जानकारी प्रदान करती है ऐसी नारी शक्ति के समान के लिए शिव कृपा मेटरनिटी एंड जनरल हॉस्पिटल ने आज अस्पताल परिसर में ही एक कार्यक्रम का आयोजन किया एवं इन्हें सम्मानित किया इस अवसर पर शिव कृपा अस्पताल की डायरेक्टर एवं कंसलटेंट डॉक्टर पूजा रुंगटा ने इन सभी महिला कार्यकर्ताओं को भारतीय नारी का पहनावा साड़ी देकर सम्मानित किया और तहे दिल से की गई इनकी सेवाओं के लिए धन्यवाद दिया एवम् उनके कार्यों को सराहा । आज के इस कार्यक्रम में नीलम सक्सेना, प्रीति,डॉक्टर सुरिंदर कौर, डॉ अनीता गुप्ता ने भी अपने विचार व्यक्त किया और सब की हौसला अफजाई की।

## होली खेले तो कान्हा बरसाने में आइयो रे...



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** छोटीकाशी में चल रही फाग की धूम के बीच मंगलवार को मुरलीपुरा के केडिया चौराहा स्थित माताजी मंदिर में रंगारंग फागोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भगवान का विशेष श्रृंगार किया गया। श्याम प्रभु का दरबार सजाकर महिलाओं ने राधा-कृष्ण के स्वरुपों के संग हर्बल गुलाल और फूलों से होली खेली। बेबी पारीक, ज्योति शर्मा, कनिका शर्मा, साक्षी माहेश्वरी सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने फाल्गुनी भजनों पर नृत्य किया। कलाकारों ने आज बिरज में होरी रे रसिया...., होली खेले तो कान्हा बरसाने में आइयो रे... जैसे भजनों की मधुर प्रस्तुतियां देकर माहौल को फाल्गुनी बना दिया। पार्षद डॉ. मीनाक्षी शर्मा ने भी फाग में भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी को फाग का प्रसाद वितरण किया गया।

### नेशनल साइंस डे के अवसर पर पोस्टर और मॉडल कॉम्पिटिशन आयोजित

# विज्ञान और वैज्ञानिकों के प्रति जागरूक हो विद्यार्थी-बियानी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** विद्याधर नगर स्थित बियानी गर्ल्स कॉलेज में नेशनल साइंस डे के अवसर पर इंडिजेनस टेक्निक्स फॉर विकसित भारत थीम पर पोस्टर और मॉडल कॉम्पिटिशन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निदेशक डॉ. संजय बियानी, अस्सिटेंट डायरेक्टर सीए अभिषेक बियानी, असि. डायरेक्टर डॉ.राधिका बियानी, प्राचार्या डॉ.नेहा पाण्डे, प्राचार्या डॉ. अनुपमा शर्मा रही। मौके पर निदेशक डॉ. संजय बियानी ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति प्रेरित करना और उन्हें विज्ञान व वैज्ञानिक उपलब्धियों के बारे में जागरूक करना है। इस दौरान सभी विद्यार्थियों ने विकसित भारत की तर्ज पर पोस्टर कॉम्पिटिशन में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। मौके पर विद्यार्थियों द्वारा साइंस डे संबंधित बहुत सारी एक्टिविटी की गई साथ ही न्यूक्लियर पॉवर प्लांट, रिबूट डिफाईनिंग ग्रीन कैमेसट्री, रोबोटिक्स, ग्रीन डिस्पोजेबल स्मार्ट वेस्ट प्रोसिडिंगस, कोविड वैक्सीन पर पोस्टर बनाए गए तथा होम सिक्योरिटी सिस्टम, नयूकिलयर पॉवर पॉइंट, चंद्रयान, डायलिसिस, डाल्टन का परमाणु मॉडल बनाया गया। कार्यक्रम संचालन सांइस एचओडी कंचन शर्मा, शिल्पा भार्गव, धीरज चितारा ने किया। कार्यक्रम की होस्ट रितु जांगिड़ रही।

### 30 वर्ष की गौरवमयी एवं उत्कृष्ट सेवा पूर्ण करने पर स्वागत समारोह आयोजित



**जयपुर @ जागरूक जनता।** सनराइज सिटी निवारू में कैप्टन प्रदीप पूनिया जाट रेजिमेंट से अपनी 30 वर्ष की गौरवमयी एवं उत्कृष्ट सेवा पूर्ण करने के उपलक्ष में प्रसादी व स्वागत समारोह रखा गया। सनराइज सिटी के सभी निवासियों ने कैप्टन प्रदीप पूनिया का जोरदार स्वागत किया। इसी कड़ी में एडवोकेट कृष्ण वीर यादव, राघवेंद्र सिंह, ज्योति प्रकाश यादव, संदीप पारीक, व नरेश चौधरी ने कैप्टन प्रदीप पूनिया को हमारे जयपुर के आराध्य देव श्री गोविंद देव जी की बहुत ही सुंदर प्रतिमा देकर सम्मान किया। दी डिस्टिक बार एसोसिएशन कार्यकारिणी सदस्य एडवोकेट कृष्ण वीर यादव ने बहुत ही सुंदर मंच संचालन किया। एडवोकेट कृष्ण वीर यादव कैप्टन प्रदीप पूनिया के जीवन के बारे में बताते हुए भावुक हो गए।

### बाड़मेर लिग्नाइट की सीएसआर गतिविधियों को दिया जाएगा बढ़ावा-आनंदी

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान में खान एवं पेट्रोलियम विभाग की सचिव आनन्दी ने मंगलवार को कहा है कि राज्य सरकार का संयुक्त उपक्रम बाड़मेर लिगनाइट सामाजिक दायित्व निभाते हुए नैगमिक सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत क्षेत्र में सीएसआर गतिविधियों को विस्तारित करें। आनन्दी ने आज राज्य सरकार के संयुक्त उपक्रम बाड़मेर लिगनाइट माइनिंग कंपनी लिमिटेड की 68वीं संचालक मण्डल की बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कपूरदी और जलिपा खदान में खनन कार्यों में लगे श्रमिकों एवं कार्मिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए खान सुरक्षा मानकों की सख्ती से पालना के निर्देश




**ANCHOR** 2500 से अधिक स्थानों पर 5 हजार क्विंटल गोकाष्ठ का होगा उपयोग

# गोकाष्ठ से होगा होलिका दहन

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** होली और धुलंडी का पर्व रविवार–सोमवार को मनाया जाएगा। गो संरक्षण व पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से इस बार राजधानी में ईको फ्रेंडली होली का आयोजन होगा। इसके तहत 2500 से अधिक स्थानों पर करीब पांच हजार क्विंटल गोकाष्ठ से होलिका दहन किया जाएगा। शहर की विभिन्न गोशालाओं और गोसेवी संगठनों की इस पहल से करीब तीन हजार पेड़ बचाए जा सकेंगे। उधर, कई गोशालाओं को देश के दूसरे राज्यों से भी गोकाष्ठ के ऑर्डर मिले हैं।

सांगानेर स्थित पिंजरापोल गोशाला से 200 टन गोकाष्ठ गुजरात सहित अन्य देश के अन्य राज्यों में भेजी जाएगी। अखिल भारतीय गोशाला सहयोग परिषद के अंतरराष्ट्रीय संयोजक डॉ. अतुल गुप्ता ने बताया कि एक स्थान पर होलिका दहन में करीब 150 किलोग्राम गोकाष्ठ का इस्तेमाल होता है। दहन के दौरान होने वाले गैसों के उत्सर्जन में कार्बन-डाई-ऑक्साइड की मात्रा 27 प्रतिशत होती है। होलिका दहन में 500 किलो लकड़ी का इस्तेमाल होता है व दहन के दौरान 100 प्रतिशत कार्बन-डाई-ऑक्साइड निकलती है, जो पर्यावरण को नुकसान पहुंचाती है। गोकाष्ठ के निर्माण को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर भारत में गो उद्योग ग्राम की स्थापना की मांग की है। उन्होंने बताया कि जयपुर में पांच सौ जगह पर गोकाष्ठ की बुकिंग हो चुकी है। उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों व चेन्नई से भी ऑर्डर मिले हैं। सौ से अधिक स्वयं सहायता समूहों ने करीब 2000 टन गोकाष्ठ तैयार की है। बगरू, दुर्गापुरा, पिंजरापोल व निवाई सहित शहर की अन्य गोशालाओं में भी गोकाष्ठ का निर्माण किया जा रहा है। गोकाष्ठ के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए गो सेवा संघ, जयपुर की ओर से भी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। संयोजक अरुण अग्रवाल व संरक्षक समीर अग्रवाल ने बताया कि अलग-अलग टीमें विश्वकर्मा, विद्याधर नगर व मुरलीपुरा क्षेत्र में लोगों को अनुष्ठान व सामाजिक कार्यों में गोकाष्ठ का इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित कर रही हैं। अध्यक्ष राजकुमार टिबड़ेवाल व सुरेश भुवालका ने बताया कि विश्वकर्मा क्षेत्र में गोकाष्ठ का निर्माण किया जा रहा है। अब तक करीब 20 टन गोकाष्ठ बनाया जा चुका है। गिरजा शंकर मिश्र ने बताया कि गोकाष्ठ के निर्माण के लिए चंडीगढ़ से नई मशीन भी मंगवाई है। आस-पास की विभिन्न कॉलोनियों में होलिका दहन के लिए गोकाष्ठ भिजवाने की भी व्यवस्था की गई है। गो सेवा समिति, राजापार्क की बैठक आर्य समाज परिसर में हुई। अध्यक्ष रवि नैय्यर ने बताया कि होलिका दहन के लिए 50, 100 एवं 200 रुपए की पैकिंग में गोकाष्ठ उपलब्ध कराया जाएगा।

# आपराधिक रिकॉर्ड वाले उम्मीदवारों एवं राजनैतिक दलों को अपराध की जानकारी करनी होगी सार्वजनिक-गुप्ता

**समाचार पत्र व टीवी चैनल्स में तीन बार देनी होगी सूचना, प्रथम चरण के मतदान के लिए 31 मार्च से 17 अप्रेल के बीच 3 बार करना होगा प्रकाशन/प्रसारण, द्वितीय चरण के मतदान के लिए 9 अप्रेल से 24 अप्रेल के बीच 3 बार करना होगा प्रकाशन/प्रसारण**

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान राजनैतिक दलों और उम्मीदवारों को आपराधिक रिकॉर्ड को 3 बार अलग- अलग तय समयावधि में समाचार पत्रों में प्रकाशित कराना होगा तथा टीवी चैनल्स में प्रसारित कराना होगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अनुपालना में आयोग ने अभ्यर्थियों के आपराधिक रिकॉर्ड यदि कोई हो तो उन्हें प्रसारित करने के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किये हैं। सभी राजनैतिक दलों को जिनके द्वारा आपराधिक पूर्वावृत रखने वाले अभ्यर्थियों को उम्मीदवार बनाया गया है, उन्हें भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित नवीन प्रारूप सी-7 में ऐसे अभ्यर्थी के चयन से 48 घंटे के भीतर यह प्रकाशित करना होगा कि उनके द्वारा आपराधिक पूर्वावृत्त रखने वाले व्यक्ति को ही उम्मीदवार क्यों चुना गया है। उक्त प्रकाशन की सूचना ऐसे राजनैतिक दलों को प्रारूप सी-8 में 72 घंटे के भीतर भारत निर्वाचन आयोग को भी प्रेषित किया जाना आवश्यक होगा। राजनीतिक दलों तथा अभ्यर्थियों के आपराधिक मामलों के प्रचार-प्रसार के लिये उन्हें फॉर्म सी-1 व सी-2 के द्वारा राष्ट्रीय व स्थानीय समाचार पत्रों एवं टीवी चैनल्स में प्रसारित करवाना होगा। अभ्यर्थी द्वारा भरे गए नामांकन पत्र में यदि स्वयं के संबंध में कोई आपराधिक मामला दर्ज होने की सूचना दी जाती है, तो अभ्यर्थी एवं संबंधित राजनीतिक दल को विहित प्रारूप में सूची के अनुसार जानकारी प्रकाशित व प्रसारित करवानी होगी। आयोग के अनुसार लोकसभा आम चुनाव के उम्मीदवारों में यदि किसी अभ्यर्थी का आपराधिक रिकॉर्ड है, तो अभ्यर्थिता वापसी के प्रथम चार दिनों के भीतर प्रथम प्रचार, अगले पांच से 8 दिनों के बीच दूसरा प्रचार तथा तीसरा प्रचार 9 वें दिन से प्रचार अभियान के अंतिम दिन तक (मतदान दिवस से दो दिन पूर्व तक) विज्ञापन समाचार पत्रों व टीवी चैनल पर प्रकाशित, प्रसारित करने होंगे। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश में चुनाव हेतु निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अभ्यर्थियों एवं राजनैतिक दलों को सी-1 एवं सी-2 प्रारूप में प्रकाशन की समयावधि इस प्रकार होगी।

### प्रथम चरण के मतदान के लिए -

» प्रथम प्रकाशन दिनांक 31.03.2024 से दिनांक 03-04-2024 के बीच
» द्वितीय प्रकाशन दिनांक 04-04-2024 से दिनांक 07-04-2024 के बीच एवं
» तृतीय प्रकाशन दिनाकं 08-04-2024 से चुनाव प्रचार की अंतिम तिथि तक (दिनांक 17.04.2024 तक)

### द्वितीय चरण के मतदान के लिए

» प्रथम प्रकाशन दिनांक 09-04-2024 से दिनांक 12-04-2024 के बीच
» द्वितीय प्रकाशन दिनांक 13-04-2024 से दिनांक 16-04-2024 के बीच एवं
» तृतीय प्रकाशन दिनाकं 17-04-2024 से चुनाव प्रचार की अंतिम तिथि तक (दिनांक 24-04-2024 तक)

ऐसे राष्ट्रीय स्तर के समाचार पत्र जिनकी प्रसार संख्या 75 हजार प्रतिदिन हो तथा स्थानीय समाचार पत्र जिसकी प्रतिदिन 25 हजार प्रतियां प्रकाशित होती हो, में उक्त विहित सी-1 एवं सी-2 प्रारूप प्रकाशित करवाने होंगे। इसी प्रकार विभिन्न टीवी चैनल में भी इनका प्रसारण करवाना होगा, जिसकी समयावधि प्रातः 8 से रात्रि 10 बजे के बीच न्यूनतम 7 सैकंड के लिए की जानी आवश्यक होगी।

## जागरूक खबरें

### मतगणना कार्य के लिए 804 एआरओ की नियुक्ति की अधिसूचना जारी

**जयपुर @ जागरूक जनता।** लोकसभा आम चुनाव-2024 में मतगणना कार्य के सुचारू संचालन के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदेश के सभी लोकसभा क्षेत्रों में सहायक रिटर्निंग अधिकारियों (मतगणना) की नियुक्ति की अधिसूचना जारी की है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि 19 अप्रेल एवं 26 अप्रेल 2024 को निर्धारित मतदान प्रि या को निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के लिए आवश्यकतानुसार एआरओ की नियुक्ति के लिए निर्वाचन आयोग की ओर से अधिसूचना जारी की गई है। उन्होंने बताया कि 25 लोकसभा क्षेत्रों के लिए कुल 804 एआरओ नियुक्त किए गए हैं। जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र में सर्वाधिक 80 इसके बाद सीकर में मतगणना कार्य के लिए 66 एआरओ लगाए गए हैं।

### राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में हुआ ईवीएम/वीवीपैट का प्रथम रेंडमाइजेशन

**जयपुर @ जागरूक जनता।** लोकसभा चुनाव की तैयारियों के तहत मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में मतदान हेतु उपयोग में ली जाने वाली ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों के लिए प्रथम चरण का रेंडमाइजेशन किया गया। अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) सुरेश कुमार नवल की अध्यक्षता एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में हुए रेंडमाइजेशन में जिले की सभी 19 विधानसभा क्षेत्रों के आधार पर आरक्षित रखी जाने वाली ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों का आवंटन किया गया। लोकसभा चुनावों के तहत निर्वाचक रजिस्ट्रिकरण पदाधिकारियों को प्रथम रेंडमाइजेशन में कुल आवंटित कुल पोलिंग बूथ का 120 प्रतिशत बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट एवं 127% वीवीपैट का वितरण किया जाएगा। रेंडमाइजेशन की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से कंप्यूटर पर उपलब्ध चुनाव आयोग के ईवीएम मैनेजमेंट सिस्टम पर की गई। इस मौके पर अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद सुनीता यादव एवं उपनिदेशक महिला अधिकारिता डॉ. राजेश डोगीवाल एवं उपनिदेशक सूचना एवं प्रौद्योगिकी ऋतेश कुमार शर्मा सहित राजनैतिक दलों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### श्रमिकों ने ली लोस चुनाव में मतदान करने की शपथ

**जयपुर @ जागरूक जनता।** लोकसभा चुनाव विधानसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा मतदाता अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित के निर्देश पर जयपुर के महेन्द्रा सेज स्थित एक निजी संस्थान में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस मौके पर जिला स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. शिल्पा सिंह ने कहा कि एक स्वस्थ एवं सफल लोकतंत्र के लिए प्रत्येक मतदाता सरि य भूमिका आवश्यक है। उन्होंने श्रमिकों से 19 अप्रैल एवं 26 अप्रैल को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।

## प्रथम चरण के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए आज जारी होगी चुनाव कार्यक्रम की अधिसूचना

**सभी रिटर्निंग अधिकारी लोक सूचना जारी करेंगे, 27 मार्च तक दाखिल कर सकेंगे नामांकन**

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** लोकसभा आमचुनाव 2024 के लिए राजस्थान में प्रथम चरण के लिए 20 मार्च को भारत सरकार के विधि एवं न्याय मंत्रालय (विधायी विभाग) एवं भारत निर्वाचन आयोग के चुनाव कार्यक्रम की अधिसूचना जारी होने के साथ ही समस्त रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा लोक सूचना जारी की जाएगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि प्रथम चरण में 12 लोकसभा क्षेत्र गंगानगर, बीकानेर, चूरू, झुंझूनूं, सीकर, जयपुर ग्रामीण, जयपुर, अलवर, भरतपुर, करौली-धौलपुर, दौसा और नागौर में 19 अप्रेल को मतदान होगा। अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन करने का काम शुरू होगा। 27 मार्च तक नामांकन दाखिल किए जा सकेंगे। 28 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच होगी तथा 30 मार्च तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। मतगणना 4 जून को होगी। गुप्ता ने बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के अंतर्गत राजस्थान लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए नामांकन दाखिल करते समय सामान्य अभ्यर्थी को 25 हजार रुपये और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थी को 12 हजार 500 रुपये जमानत राशि जमा करना होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नामांकन भरने पहुंचे अभ्यर्थी के साथ 4 व्यक्ति सहित कुल 5 व्यक्ति ही रिटर्निंग अधिकारी (आरओ) के कक्ष में प्रवेश कर सकेंगे। नामांकन भरने पहुंचे व्यक्ति के काफिले में केवल तीन वाहनों को ही आरओ कार्यालय के 100 मीटर के अंदर प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। नामांकन भरने की प्रक्रिया सुबह 11 बजे से शुरू होगी जो दोपहर 3 बजे तक चलेगी। दोपहर 3 बजे के उपरांत कक्ष में किसी भी व्यक्ति को प्रवेश करने या दस्तावेज लाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। गुप्ता ने निर्देश दिए कि संबंधित आरओ भारत निर्वाचन आयोग के इन निर्देशों की पूर्ण पालना सुनिश्चित कराएं।

**पार्टी क्या बदली, बदल गए सियासी समीकरण**

# कभी धुर विरोधी, अब गलबहियां

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** लोकसभा चुनाव कई नेताओं के लिए चर्चा का विषय बन गया है। पार्टी बदलने से कई सियासी समीकरण ऐसे बदले हैं कि पिछले चुनावों या विधानसभा चुनावों में खिलाफ काम कर रहे थे। ऐसे नेता अब साथ काम करने को मजबूर हो गए हैं। कांग्रेस ने भाजपा छोड़कर आए सांसद राहुल कस्वां को टिकट दिया है। यहां पिछली बार राहुल कस्वां के सामने कांग्रेस से रफीक मंडेलिया लोकसभा चुनाव लड़े थे। अब बदली हुई परिस्थिति में मंडेलिया को कस्वां का सहयोग करना होगा। यदि बाड़मेर लोकसभा सीट से आरएलपी से कांग्रेस में शामिल हुए उम्मेदाराम को टिकट दिया जाता है तो कांग्रेस विधायक हरीश चौधरी को उनका सहयोग करना होगा है। विधानसभा चुनाव में उम्मेदाराम ही हरीश चौधरी के सामने ताल ठोक कर खड़े थे। चौधरी कुछ ही वोटों से चुनाव जीते थे। उम्मेदाराम दूसरे नम्बर पर रहे थे।

### बांसवाड़ा-डूंगरपुर: अब कृष्णा को करना है समर्थन

कुछ ऐसी ही स्थिति कांग्रेस सहित अन्य दलों से भाजपा में आने वालों के साथ हुई है। भाजपा ने कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे महेन्द्रजीत सिंह मालवीया को बांसवाड़ा-डूंगरपुर से टिकट दिया है। मालवीया बागीदौरा सीट से चुनाव लड़े थे। यहां भाजपा प्रत्याशी कृष्णा कटारा तीसरे नम्बर पर रही थीं। अब कृष्णा कटारा को लोकसभा चुनाव में मालवीया का समर्थन करना है।

### सीकर: महरिया करेंगे प्रचार

सीकर लोकसभा सांसद और वर्तमान भाजपा प्रत्याशी सुमेधानन्द सरस्वती के लिए अब भाजपा में शामिल हुए सुभाष महरिया काम करेंगे। महरिया ने 2019 में कांग्रेस के सिम्बल पर सुमेधानन्द के खिलाफ चुनाव लड़ा था। महरिया ने विधानसभा चुनावों में भाजपा जॉइन की थी और लक्ष्मणगढ़ से कांग्रेस विधायक गोविन्द सिंह डोटासरा के खिलाफ चुनाव लड़ा, लेकिन जीत नहीं सके।

### अलवर: करण सिंह समर्थन में करेंगे काम

2018 में अलवर लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में कांग्रेस के सिम्बल पर लोकसभा चुनाव जीते डॉ. करण सिंह अब भाजपा में शामिल हो गए हैं। लम्बे समय से कांग्रेस की राजनीति करते आए करण सिंह अब भाजपा प्रत्याशी भूपेन्द्र यादव के समर्थन में काम करेंगे।

### चित्तौड़गढ़: आक्या की नाराजगी दूर, करेंगे सहयोग

**चित्तौड़गढ़** लोकसभा सीट पर भी कुछ ऐसे ही समीकरण बन रहे हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी के नेतृत्व में लड़े गए विधानसभा चुनाव में चित्तौड़गढ़ विधायक चन्द्रभान सिंह आक्या का टिकट काट दिया गया। आक्या ने लोकसभा चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी, लेकिन सीएम के दखल के बाद अब आक्या की नाराजगी दूर हो गई है और वे अब सीपी जोशी का सहयोग करेंगे।




**ANCHOR**

**लोकसभा आम चुनाव-2024 : आचार संहिता लागू**

# अब तक 115 करोड़ रुपए से ज्यादा मूल्य की अवैध शराब, नकदी व अन्य सामग्री जब्त

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** लोकसभा आम चुनाव - 2024 के मद्देनजर निर्वाचन विभाग के निर्देश पर प्रदेश में विभिन्न एनफोर्समेंट एजेंसियों ने आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद रिकॉर्ड 17 करोड़ रूपए से ज्यादा का ड्रग्स, शराब, कीमती धातुएं, फ्रीबीज व नगदी पकड़ी है। इसी तरह 1 मार्च से अब तक एजेंसियों ने 115 करोड़ रु. कीमत से ज्यादा के ड्रग्स, शराब, सोना, फ्रीबीज व नगदी पकड़ी है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में अलग-अलग एजेंसियों की ओर से जारी रिपोर्ट में ये जानकारी दी गयी है। 1 मार्च 2024 से अब तक 2 करोड़ 41 लाख रूपए कैश, ड्रग्स लगभग 51.56 करोड़ रूपए, शराब 6 करोड़ 71 लाख रूपए और सोना-चांदी जैसी कीमती धातुओं की 8 करोड़ 56 लाख रूपए की जब्ती की गयी है, 46 करोड़ रूपए की अन्य सामग्री जबकि फ्रीबीज 22 लाख की जब्ती की गयी है। 18 करोड़ 70 लाख रुपए के साथ जोधपुर जिले में सबसे ज्यादा सीजर हुआ है। दूसरे स्थान पर 11 करोड़ 5 लाख के साथ जयपुर, तीसर स्थान पर गंगानगर ने 9 करोड़ 95 लाख, चौथे स्थान पर भीलवाड़ा 8 करोड़ 35 लाख और पांचवे स्थान पर टोंक ने 5 करोड़ 93 लाख रूपए की जब्ती की है।

गुप्ता ने बताया कि आचार संहिता लगने से अब तक 1 करोड़ 46 लाख रू कैश, ड्रग्स लगभग 4.68 करोड़ रूपए, शराब 72 लाख रूपए और सोना- चांदी जैसी कीमती धातुओं की 68 लाख रूपए की जब्ती की गयी है। 9 करोड़ 77 लाख रूपए कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी है। आचार संहिता लगने के बाद भीलवाड़ा ने 1 करोड़ 73 लाख, उदयपुर एवं कोटा में 1 करोड़ 49 लाख, जयपुर 1 करोड़ 37 लाख एवं चित्तौड़गढ़ जिले ने 1 करोड़ 21 लाख रूपए की जब्ती की है। इन एजेंसियों में राज्य पुलिस, राज्य एक्साइज, नारकोटिक्स विभाग एवं आयकर विभाग प्रमुख है।

## आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में कारगर साबित हो रहा है 'सी-विजिल' एप

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**आदर्श आचार संहिता लागू होने के 48 घंटे में मिली 273 से ज्यादा शिकायतें, ज्यादातर शिकायतों का हुआ निस्तारण, 144 शिकायतें अवैध पोस्टर बैनर के संबंध में, 98 पर कार्रवाई की गयी**

**जयपुर।** लोकसभा आम चुनाव-2024 में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर कड़ी निगरानी रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बनाए 'सी विजिल' एप शिकायतों के समाधान का बेहतरीन जरिया बनता जा रहा है। एप के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का तुरंत समाधान किया जा रहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव–2024 में यह एप खासा मददगार साबित हो रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में आदर्श आचार संहिता के लागू होने के महज 48 घंटे में प्रदेश भर से 266 से ज्यादा शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से रिटर्निंग ऑफिसर्स ने 111 शिकायतों को सही पाया और उनका तय समय सीमा में निस्तारण किया गया। 18 शिकायतें रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा खारिज की गई, जबकि 6 शिकायतें अभी जांच दलों और रिटर्निंग ऑफिसर्स के द्वारा निर्णय के लिए लंबित हैं। शेष 135 शिकायतों को जिला नियंत्रण कक्ष की टीम ने अपने स्तर पर खारिज कर दी। गुप्ता ने बताया कि 144 शिकायतें अवैध पोस्टर बैनर के संबंध में प्राप्त हुयी जिनमें से 98 पर कार्रवाई कर दी गयी है। 44 शिकायतें खारिज कर दी गयी तथा शेष 2 पर कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। श्री गुप्ता ने कहा कि सी विजिल पर आदर्श आचार संहिता की सबसे ज्यादा 74 शिकायतें टोंक जिले से प्राप्त हुईं। और सबसे ज्यादा कार्यवाही भी टोंक जिले के रिटर्निंग आफिसर्स ने की यहां 64 शिकायतों का निस्तारण किया गया। उन्होंने बताया कि इस एप के माध्यम से अधिकतम सौ मिनट की समय सीमा में प्राप्त शिकायतों का समाधान किया जा सकता है।



## सम्पादकीय

# खास है, लोकसभा चुनाव

20वीं सदी का अंतिम दशक अगर राजनीतिक अस्थिरता का पर्याय बन गया था तो 21वीं सदी अपने साथ स्थिरता लेकर आई। न केवल अटल बिहारी वाजपेयी की अगुआई वाली सरकार ने अपना कार्यकाल पूरा किया बल्कि उसके बाद पहले डॉ. मनमोहन सिंह और फिर नरेंद्र मोदी की अगुआई वाली सरकारों ने देश को लगातार 10-10 साल का शासन दिया। अब इस बार के चुनाव में जहां भाजपा नेतृत्व अगले 20 वर्षों का विजन पेश कर रहा है, वहीं कांग्रेस नेतृत्व इसे लोकतंत्र बचाने का आखिरी मौका करार दे रहा है। यानी इन चुनावों का फलक पांच साल के काम के आधार पर अगले पांच साल के लिए जनादेश के सामान्य ट्रेंड तक सीमित नहीं रहा।

**भाजपा इन चुनावों में जिन फैसलों पर सबसे ज्यादा जोर दे रही है, वे भले पांच वर्षों के मौजूदा सरकार के कार्यकाल के दौरान लिए गए हों, लेकिन उन मुद्दों से जुड़े हैं जो वर्षों नहीं, दशकों से भाजपा के मूल मुद्दों के रूप में पहचाने जाते रहे हैं।**

दिलचस्प है कि सत्तारूढ़ भाजपा इन चुनावों में जिन फैसलों पर सबसे ज्यादा जोर दे रही है, वे भले पांच वर्षों के मौजूदा सरकार के कार्यकाल के दौरान लिए गए हों, लेकिन उन मुद्दों से जुड़े हैं जो वर्षों नहीं, दशकों से भाजपा के मूल मुद्दों के रूप में पहचाने जाते रहे हैं। चाहे राममंदिर, अनुच्छेद 370 और CAA की बात हो या ज्ञानवापी मस्जिद के अंदर पूजा शुरू होने की- ये सारे मुद्दे BJP के इस दावे को मजबूती देते हैं कि वह जो कहती है, करके दिखाती है।

विपक्षी दलों ने इन चुनावों में उन लोगों को संबोधित करने और अपनी ओर खींचने की रणनीति बनाई जो BJP के जाने-पहचाने नैरेटिव के प्रभाव से बाहर माने जाते हैं। I.N.D.I.A. बना कर हर सीट पर साझा प्रत्याशी खड़ा करने की सोच के पीछे यही इरादा था। मगर नीतीश कुमार की NDA में वापसी और ममता बनर्जी का I.N.D.I.A. से बाहर रहने का फैसला इस रणनीति के आजमाए जाने से पहले ही नाकाम होने का संकेत है। बहरहाल, देखना होगा कि आगे विपक्षी दल अपना केस वोटरों के सामने कितने कारगर ढंग से रख पाते हैं। महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी जैसे पुराने मुद्दे भी उठाए ही जा रहे हैं, लेकिन वोटर के फैसले में इनकी कितनी भूमिका रहेगी यह अभी स्पष्ट नहीं है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की दो-दो यात्राओं से उपजे प्रभाव की परीक्षा भी इन्हीं चुनावों में होनी है। कुल मिलाकर, विपक्ष और सत्ता पक्ष कुछ भी कहे देशवासियों की जागरूक चेतना को देखते हुए यह तय माना जा सकता है कि आम चुनाव का यह लोकतांत्रिक पर्व एक बार फिर देश में लोकतंत्र की जड़ों को गहरा ही करेगा।

**केंद्र सरकार ने 'मेकिंग एआई इन इंडिया' मिशन के तहत इनोवेशन की पहचान करने और नए स्टार्टअप को मदद देने की शुरुआत कर दी है। मिशन का मकसद देश में नए एआई टूल्स को बढ़ावा देना और एआई के क्षेत्र में काम करने वाले स्टार्टअप की मदद करना है।**

# टैक्नोलॉजी की दुनिया में बेहद अहम है इंडिया एआई मिशन

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



श्याम माथुर
पत्रकार
@jagrukjanta.net

**एआई हमारे समय के सबसे महान आविष्कारों में से एक है। यह प्रोग्राम हमें एआई के भविष्य को आकार देने वाली ताकत के रूप में स्थापित करेगा। पर हमें इस बात का भी ध्यान रखना होगा कि टैक्नोलॉजी तक असमान पहुंच के कारण समाज के भीतर मतभेद नहीं बढ़ने लगें।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले दिनों घोषणा की थी कि भारत जल्द ही देश भर में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) से संबंधित कंप्यूटिंग क्षमताओं के निर्माण के लिए एक एआई मिशन शुरू करेगा। जैसा कि उन्होंने कहा, 'हम जल्द ही भारत में एक एआई मिशन शुरू करने जा रहे हैं। इस मिशन का उद्देश्य भारत में एआई कंप्यूटिंग की क्षमता को अधिकतम करना और भारतीय स्टार्टअप और इनोवेटर्स को बेहतर अवसर प्रदान करना होगा।' प्रधानमंत्री के इस एलान के बाद केंद्र सरकार ने 'मेकिंग एआई इन इंडिया' और 'मेकिंग एआई वर्क इन इंडिया' के विजन के तहत दस हजार करोड़ रुपए से अधिक के बजट को मंजूरी दी है। सरकार इस फंड को उन कंपनियों को देगी जो आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) बेस्ड समाधान पर काम कर रही है। मिशन का मकसद देश में नए एआई टूल्स को बढ़ावा देना होगा और एआई के क्षेत्र में काम करने वाले स्टार्टअप की मदद करना है। सरकार का कहना है कि इंडिया एआई मिशन, सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों में रणनीतिक कार्यक्रमों और साझेदारी के जरिए एआई नवाचार को मजबूत करने वाला एक बड़ा इकोसिस्टम स्थापित करेगा।

सरकार निजी कंपनियों को सब्सिडी देकर देश में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कंप्यूटिंग क्षमता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने का काम करेगी, जिससे एआई रिसर्च और विकास कार्य में तेजी आयेगी। इसके साथ ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस स्टार्ट-अप्स की मदद करने के लिए उन्हें शुरुआत में ही फंडिंग दे दी जाएगी। इससे इन कंपनियों में तरक्की होने के साथ-साथ रोजगार के नए अवसर भी खुलेंगे। इतना ही नहीं सरकार द्वारा एक ऐसा ढांचा तैयार किया जाएगा जिसके तहत नॉन-पर्सनल डेटा को एकत्र करके उपयोग में लाने का काम किया जा सके।

वर्तमान समय तक एआई से जुड़े बड़े सिस्टम और सॉफ्टवेयर विदेशों से मंगवाए जाते है, लेकिन अब इंडिया एआई मिशन के तहत भारत में ही ऐसे सिस्टम को बनाने का काम किया जाएगा, जिसके माध्यम से भारतीय साइंटिस्ट और कंपनियों को नई चीजें सीखने-समझने में काफी सहायता मिलेगी। आजकल के युवा बढ़ती टेक्नोलॉजी और एआई तकनीक का इस्तेमाल कर नई-नई काम की चीजें बनाने की कोशिश करना चाहते हैं। इस मिशन में सरकार ऐसे युवाओं को फंडिग देकर उनकी मदद करेगी। रोजमर्रा के जीवन में हम कई चीजों का इस्तेमाल करते है, जिससे कुछ न कुछ जानकारी जरूर इकट्ठा हो जाती है, एआई मिशन में ऐसी ही जानकारी को इकट्ठा कर उसे सही तरीके से प्रयोग करने का प्रयास किया जाएगा। केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के एक बयान में कहा गया कि इस फंड का इस्तेमाल कंप्यूटिंग बुनियादी ढांचे की स्थापना और एआई स्टार्टअप को वित्तपोषित करने में मदद के लिए किया जाएगा। राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा, 'एआई हमारे समय के सबसे महान आविष्कारों में से एक है। यह प्रोग्राम हमें भारत और दुनिया के लिए एआई के भविष्य को आकार देने वाली ताकत के रूप में स्थापित करेगा।'



नैसकॉम के मौजूदा अनुमानों के मुताबिक भारत का उभरता हुआ एआई बाजार 2027 तक 17 अरब डॉलर का हो जाएगा। यह आंकड़ा एआई सॉफ्टवेयर के लिए वैश्विक बाजार का एक छोटा सा हिस्सा दर्शाता है, जिसके बारे में अमेरिकी रिसर्च कंपनी गार्टनर ने कहा कि यह उसी साल तक 297 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने इस मिशन को मंजूरी मिलने के बाद कहा, 'भारत में एआई-बेस्ड इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए एक बहुआयामी फ्रेमवर्क बनाया गया है। हाई एंड एआई इकोसिस्टम बनाने के लिए जिस तरह की कंप्यूटिंग क्षमता की जरूरत है, उसके लिए लगभग दस हजार ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट्स (जीपीयू) पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के जरिए उपलब्ध कराए जाएंगे।'

सरकार का कहना है कि इस मिशन के तहत एआई को जिम्मेदार तरीके से डिवेलप करने और अपनाने पर जोर होगा। एक नेशनल डाटा मैनेजमेंट दफ्तर बनाया जाएगा, जो सरकारी विभागों के साथ मिलकर यह देखेगा कि एआई के विकास के लिए गैर निजी डाटा किस तरह उपलब्ध कराया जा सकता है।

भारत 1990 के दशक में शुरू हुए ग्लोबल आउटसोर्सिंग बूम से निर्मित एक विशाल सॉफ्टवेयर सर्विस इंडस्ट्री का दम भरता आया है और एआई सॉफ्टवेयर एक अवसर और खतरे दोनों का प्रतिनिधित्व करता है। एआई के उभार को इंजीनियरिंग ग्रैजुएट्स जो पारंपरिक कॉल सेंटर या कोडिंग जैसा काम करते हैं, वो एआई मॉडल से अपनी नौकरियों को खतरे में देखते हैं। ओपनएआई के चीफ एक्जिक्यूटिव सैम ऑल्टमैन ने पिछले साल दिल्ली में एक कार्यक्रम में कहा था कि भारतीय उद्यमियों और कंपनियों को महत्वपूर्ण वित्तीय सहायता के बिना एआई प्रोडक्ट्स बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ेगा।

भारत के सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों ने एआई एप्लिकेशन बनाने के शुरुआती प्रयास किए हैं। अरबपति उद्योगपति मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज देश की टॉप यूनिवर्सिटी के साथ मिलकर चैटजीपीटी-स्टाइल चैटबॉट एप्लिकेशन शुरू करने पर काम कर रही है। यह एप्लिकेशन इसी महीने लॉन्च होने की उम्मीद है।

संभावना यही है कि केंद्र सरकार ने 'मेकिंग एआई इन इंडिया' मिशन के हिस्से के रूप में, कृषि, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से संबंधित टैक्नोलॉजी को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके लिए देश भर में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) के मौजूदा नेटवर्क का उपयोग एआई कौशल और सीखने को बढ़ावा देने के लिए किया जाएगा। पर इसके लिए जरूरी है कि जिस तरह हमारे पास विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मुद्दों के लिए समझौते और प्रोटोकॉल हैं, उसी तरह हमें एआई के नैतिक उपयोग के लिए एक वैश्विक ढांचा बनाना होगा। इसमें उच्च जोखिम और एआई उपकरणों के परीक्षण और तैनाती के लिए एक प्रोटोकॉल शामिल होगा। इसका अर्थ यह है कि हमें इस बात का भी ध्यान रखना होगा कि कहीं टैक्नोलॉजी तक असमान पहुंच के कारण समाज के भीतर मतभेद नहीं बढ़ने लगें। हमें वर्तमान समय में मानवता को ऐसी गलतियों से रोकने की जरूरत है। विशेषज्ञ अक्सर कहते हैं कि एआई के उपयोग के लिए अत्यंत सतर्क दृष्टिकोण अपनाना होगा। यानी एआई के गहरे पहलुओं से उत्पन्न संभावित जोखिमों और चुनौतियों को भी समझना होगा। एआई परिवर्तनकारी है, लेकिन इसके संभावित खतरों को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता। डेटा और एल्गोरिदम को पारदर्शी और पूर्वाग्रह से मुक्त बनाना एआई तकनीक को समस्त लोगों तक पहुंचाने और इसे और अधिक पारदर्शी बनाने की दिशा में एक बड़ी शुरुआत होगी।

## माई व्यू

# फाल्गुन मास और खाटू धाम

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



नविता
इन्टरप्रेन्योर
@jagrukjanta.net

फाल्गुन मास का वर्णन और कृष्ण की बात हो तो श्याम बाबा की बिना यह चर्चा पूरी नहीं की जा सकती। आज हम तीन बाण धारी, शीश के दानी और हारे के सहारे नामो से प्रसिद्ध श्री खाटू श्याम जी के उद्गम और उनसे जुड़ी अन्य जानकारी साझा करेंगे। श्याम, वैसे तो कृष्ण का ही एक नाम है परंतु कृष्ण ने यह नाम अपने एक भक्त को दे दिया। कृष्ण ही है जो अपने भक्त को भगवान बना सकते है। राजस्थान के सीकर जिले में खाटू नाम के गांव में श्याम बाबा का भव्य मंदिर है, जहां सिर्फ भारत ही नहीं देश-विदेश के भक्त भी फाल्गुन मास में बाबा श्याम के दर्शनों को आते हैं । बाबा श्याम यानी बर्बरीक, पांचो पांडवों में से दूसरे नंबर के भाई भीम के प्रपौत्र थे। जो अपनी दादी यानी भीम की प%ी हिडिंबा के वचन अनुसार कौरवों की तरफ से महाभारत का युद्ध लड़ने को तत्पर थे। बचपन में बर्बरीक एक बहादुर योद्धा थे जिन्होंने अपनी माँ से युद्ध कला सीखी थी। वह शिव के भी परम भक्त थे। महादेव ने ही बर्बरीक को शक्तिशाली तीन विशेष तीर दिए थे। इसी से इनका नाम तीन बाण धारी पड़ा। पौराणिक कथाओं के अनुसार हिसार के नज़दीक बीड़ बबरान वह जगह है जहां बर्बरीक की भगवान श्री कृष्ण ने परीक्षा ली थी। भगवान श्री कृष्ण जानते थे कि माता को दिये वचन के अनुसार बर्बरीक कौरावों की ओर से लड़ेगा और वो जिस ओर से लड़ेगा जीत उसी की निश्चित हैं।





मंदिर के पास एक बरगद का पेड़ भी है। इस पेड़ के हर पत्ते में एक सुराख है। बताया जाता है कि, भगवान श्रीकृष्ण ने इसी बरगद के पेड़ के नीचे बर्बरीक की परीक्षा ली थी। भगवान श्रीकृष्ण ने बरगद के हर पत्तों को बाण से भेदने को कहा और चालाकी से एक पत्ता पांव के नीचे दबा लिया। बर्बरीक के तीरों ने पेड़ के सभी पत्ते भेद दिए, पर भगवान श्रीकृष्ण के पांव के नीचे रखे पत्ते को भेद नहीं पाया था। क्योंकि भगवान श्रीकृष्ण के पांव में पदम था और तीर वही घूमता रहा, जैसे ही कृष्ण ने अपना पैर हटाया तीर ने उस पत्ते में भी छेद कर दिया, मान्यता हैं की इसलिए कृष्ण के पैर की तली कमजोर पड़ गई और उनके पृथ्वी से पुनः गोलोक जाने का कारण बनी।

परीक्षा से प्रसन्न कृष्ण ने बर्बरीक से दान की इच्छा प्रकट की। बर्बरीक ने दान देने का वचन दिया तब श्री कृष्ण ने बर्बरीक से उसका सिर मांग लिया। बर्बरीक ने सहर्ष श्री कृष्ण को शीश का दान कर दिया था. इसके बाद उनके शीश को बड़े से टीले पर स्वयं श्री कृष्ण ने स्थापित किया ताकि बर्बरीक युद्ध देख सके।

कृष्ण ने बराबरी को वरदान भी दिया कि कलयुग में तुम्हें मेरे नाम से पूजा जाएगा। यही कारण है कि आज चहुं ओर श्याम बाबा के नाम की गूंज सुनाई देती है। वर्ष 2019 में यही बरगद का पेड़ आंधी-तूफान के कारण जड़ से उखड़ कर सूख गया था। ग्रामीणों की पेड़ के प्रति श्रृद्धा ही थी जो उन्होंने जेसीबी मशीन की मदद से पेड़ को दोबारा लगाया और चमत्कार ही है कि छह माह में पेड़ पुनः हरा-भरा हो गया इससे गांव के लोगों में आस्था गहरी हुई। आश्चर्य की बात ये हैं की अभी भी पेड़ की सारी पत्तियों में छेद हैं।

अब बात यह है कि महाभारत के कुरुक्षेत्र याने हरियाणा से राजस्थान के खाटू धाम तक श्याम बाबा का शीश कैसे पहुंचा?

एक लोक कथा अनुसार ,जब महाभारत का युद्ध खत्म हुआ तो?, पांचो पांडव कृष्ण से पूछने लगे कि इस युद्ध का नायक कौन है? उनके मन में गर्व आ गया था। तभी श्रीकृष्ण ने कहा कि इस चीज का पता तो वही बता सकता है जिसने यह युद्ध अपनी आंखों से पूरा देखा हो। वे सभी बर्बरीक के पास गए। इस प्रश्न के उत्तर में बर्बरीक ने कहा मुझे सिर्फ कृष्ण और उनके सुदर्शन के अलावा और कुछ दिखाई नहीं दिया। तब पांडवों को यह अहसास हुआ कि करने वाले श्री कृष्णा ही हैं। इससे हमें यह भी सीख मिलती है कि हमारे अंदर जो अभिमान आ जाता है, छोटे बड़े काम करने से, वह क्षणभंगूर है, हम वही करते हैं जो प्रकृति हमसे करवाती है। महाभारत के युद्ध के बाद बर्बरीक के शीश को रूपवती नामक नदी में प्रवाहित किया गया। रूपवती नदी खाटू धाम होते हुए बहती थी। बाबा ने अपने लिए खाटू धाम को स्वंय चुना। एक अन्य कथा के अनुसार एक ग्वाला अपनी गायों को घुमाने ले जाता था, तो एक गाय एक कुएं के पास जैसे ही जाती, उसके थनों से स्वतः ही दूध निकलने लग जाता। जब वहां खुदाई की गई तो बाबा श्याम का शीश मिला (वर्तमान में वो स्थान खाटू धाम में श्याम कुंड नाम से प्रसिद्ध हैं) शीश को कुछ दिनों के लिए एक ब्राह्मण को सूपुर्द कर दिया गया। एक बार खाटू नगर के राजा को स्वप्न में मन्दिर निर्माण के लिए और वह शीश मन्दिर में सुशोभित करने के लिए प्रेरित किया गया। तदन्तर उस स्थान पर मन्दिर का निर्माण किया गया और कार्तिक माह की एकादशी को शीश मन्दिर में सुशोभित किया गया, जिसे बाबा श्याम के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। मूल मंदिर 1027 ई. में रूपसिंह चौहान और उनकी प%ी नर्मदा कँवर द्वारा बनाया गया था। मारवाड़ के शासक ठाकुर के दीवान अभय सिंह ने ठाकुर के निर्देश पर 1720 ई. में मंदिर का जीर्णोद्धार कराया। ये थी हारे के सहारे, कृष्ण भक्त बर्बरीक के भगवान बाबा श्याम बनने की कहानी।

*(ये लेखक के अपने विचार है)*

## सत्य दर्शन

।।श्री सद्गुरुदेव गोवर्धन पीठाधीश्वर श्री कृष्णदास कंचन महाराज।।

# सत्य दर्शन के आधार श्रीसद्गुरु देव



जहां प्रेम है, वहां घृणा नहीं होती और जहां घृणा है वहां प्रेम नहीं होता। सद्गुरु का प्रेम परमात्म प्रेम कहलाता है। जिसे अपने आप पर विश्वास है उसे जगत में सब कुछ मिल सकता है। विश्वास टूट गया तो मानो सब कुछ समाप्त हो गया। विश्वास में अनन्त शक्ति है। मेरा क्या होगा? ऐसा संशय खड़ा हुआ कि सब समाप्त हो गया। किसी के भी दोष मत देखिए। इसी से तो संसार बिगड़ता है। मारे अपने ही दोषों को देखते रहना चाहिए। जीवन में जो कुछ भी होता है वह मारे ही कर्म का उदय है फिर किसी को दोष देने का प्रश्न ही कहां रहता है। किसी भी संयोग से मन को बिगड़ने न दें। रुपये व्यर्थ खर्च हो ते कोई चिंता नहीं। दूसरे कमा लेंगे, कपड़े बिगड़े तो धो लेंगे, मगर मन तो संसार सागर से पार उतारने वाली नाव है, उसमें छेद होने से संसार सागर में डूब जाएंगे। क्लेश करने से तो मौन रहना बेहतर है। क्लेश कल से खुद का दिमाग खराब होता है और सामने वाले का भी। सब से अच्छा कोई गुण है तो वह है कम बोलना। जिस दिन से घर में किच-किच करना (टोकना) बन्द करेंगे उस दिन से बच्चे सुधर जाएंगे। हमारे शब्द अच्छे नहीं निकलते इसलिए सामने वाला झुंझलाता है। हमारे शब्दों का पालन तो होता नहीं, अतः वही शब्द हमारे पास वापस आते हैं। हम जगत में किसी को सुधराने के लिए नहीं आए, हम तो कर्म के चंगुल से छूटने के लिए आए हैं। सुधारने के बजाए अच्छी भावना करें। **क्रमशः**

## ओपिनियन

# आओ हम-सब मिलकर बचाएं गौरैया

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



कुमकुम
पत्रकार
@jagrukjanta.net

विश्व गौरैया दिवस प्रतिवर्ष 20 मार्च को मनाया जाता है। गौरैया चिकने, गोल सिर और गोलाकार पंखों वाली सुंदर पक्षी हैं। उनके पास सुंदर आवाजें हैं, उनकी चहकती और गायन की आवाज हर जगह सुनाई देती है। इन खूबसूरत पक्षियों को समर्पित एक खास दिन को विश्व गौरैया दिवस के नाम से जाना जाता है। पृथ्वी पर सबसे सर्वव्यापी पक्षियों में से एक गौरैया है, मुख्य रूप से आम घरेलू गौरैया। यह मनुष्य के सबसे पुराने साथियों में से एक है। समय के साथ, वे हमारे साथ विकसित हुए। गौरैया कभी पूरी दुनिया में एक आम पक्षी हुआ करती थी, लेकिन हाल के वर्षों में, यह पक्षी शहरी और ग्रामीण दोनों आवासों में अपनी अधिकांश प्राकृतिक सीमा में विलुप्त होने के कगार पर है। उनका पतन हमारे आसपास के पर्यावरण के निरंतर क्षरण का सूचक है।

विश्व गौरैया दिवस 20 मार्च को पर्यावरण से प्रभावित गौरैया और अन्य आम पक्षियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है जो विलुप्त होने के कगार पर हैं। बचपन में, सोते समय या भोजन के दौरान हम सभी अपने दादा-दादी और माता-पिता द्वारा गौरैया, बंदर, लोमड़ी, राजा, रानी आदि के बारे में कहानियाँ सुनते हैं। पहले ज्यादातर हम गौरैया की मधुर चहचहाहट से जागते थे, लेकिन ये आम घरेलू गौरैया आज विलुप्त होने के कगार पर हैं। कहा जाता है कि गौरैया अब सिर्फ एक याद बनकर रह गई है। बड़ी-बड़ी ऊंची-ऊंची इमारतों के कारण प्राकृतिक वनस्पतियां और जीव-जंतु अस्त-व्यस्त हो गए हैं। और यह सर्वव्यापी पक्षी अब आम नजर नहीं आता। इस ओर जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल 20 मार्च को विश्व गौरैया दिवस मनाया जाता है। हमें उम्मीद है कि इस दिन व्यक्ति, विभिन्न सरकारी एजेंसियां, वैज्ञानिक समुदाय उन्हें बचाने के उपायों के साथ आगे आएंगे। इस तरह हम जैव विविधता को भी बचा सकेंगे। हमारे सबसे पुराने साथी विलुप्त होने के कगार पर क्यों हैं इसका कारण तलाशना जरूरी है। विश्व भर के कई देशों में हर साल 20 मार्च को विश्व गौरैया दिवस मनाया जाता है। हर साल थीम के हिसाब से सेलिब्रेशन का आयोजन किया जाता है। हम सभी का बचपन से ही गौरैया के साथ एक खास तरह का रिश्ता रहा है। थीम "आई लव स्पैरो" लोगों को गौरैया के साथ प्यार और बंधन की याद दिलाएगा और उन्हें आगे आने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

पहला विश्व गौरैया दिवस 20 मार्च 2010 को मनाया गया था। घरेलू गौरैया और पर्यावरण से प्रभावित अन्य आम पक्षियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल यह दिन पूरे विश्व में मनाया जाता है। भारत में नेचर फॉरएवर सोसाइटी ने विश्व गौरैया दिवस मनाने के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय पहल शुरू की। यह सोसाइटी फ्रांस के इकोसिस्टम एक्शन फाउंडेशन के साथ मिलकर काम करती है. द नेचर फॉरएवर सोसाइटी की स्थापना एक भारतीय संरक्षणवादी, मोहम्मद दिलावर ने की थी, जिन्होंने नासिक में घरेलू गौरैया की मदद करके अपना काम शुरू किया था। उनके प्रयासों के लिए, उन्हें 2008 में टाइम पत्रिका द्वारा "पर्यावरण के नायक " नामित किया गया था। क्या आप नर और मादा गौरैया में मुख्य अंतर जानते हैं? मादाओं की धारियों के साथ भूरी पीठ होती है, जबकि नर की काली बिब के साथ लाल रंग की पीठ होती है। साथ ही, नर गौरैया मादा से थोड़ा बड़ा होता है।

- » गौरैया झुंड के रूप में जानी जाने वाली कॉलोनियों में रहती हैं।
- » अगर उन्हें खतरा महसूस हो तो वे तेज गति से तैर सकते हैं।
- » गौरैया स्वभाव से आक्र ामक नहीं होती हैं; वे सुरक्षात्मक हैं और अपने घोंसले का निर्माण करते हैं।
- » नर गौरैया अपनी मादा समकक्षों को आकर्षित करने के लिए घोंसले का निर्माण करते हैं।
- » घरेलू गौरैया (पासर डोमेस्टिकस) गौरैया परिवार पासरिडे का एक पक्षी है।
- » घरेलू गौरैया शहरी या ग्रामीण परिवेश में रह सकती हैं क्योंकि वे मानव आवासों से दृढ़ता से जुड़ी हुई हैं।
- » वे व्यापक रूप से विभिन्न आवासों और जलवायु में पाए जाते हैं, न कि जंगलों, रेगिस्तानों, जंगलों और घास के मैदानों में।
- » जंगली गौरैया का औसत जीवन 10 वर्ष से कम और मुख्य रूप से 4 से 5 वर्ष के करीब होती है।
- » घरेलू गौरैयों की उड़ान सीधी होती है जिसमें निरंतर फड़फड़ाना और ग्लाइडिंग की कोई अवधि नहीं होती है, औसतन 45.5 किमी / घंटा (28.3 मील प्रति घंटे) और प्रति सेकंड लगभग 15 पंखों की धड़कन होती है।

***(ये लेखक के अपने विचार है)***

जागरूक जनता Selfie विद सिस्टर




हिया बहन अनुष्का, जयपुर

हमे भेजें

आप भी हमें अपने विचार, लेख, कविता, जन्मदिन की फोटो, सेल्फी विद् सन/डॉटर भेज सकते हैं।

jagrukjantanews@gmail.com

सम्पर्क करें : 9829329070, 9928022718

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक ज्ञानेन्द्र मिश्रा के लिए जैमन प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, जी-1-68, रोड नम्बर-14, वीकेआई, जयपुर से मुद्रित एवं प्रशासनिक और विज्ञापन कार्यालय : बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 से प्रकाशित। फोन : 0141-3587886

# पंचांग



ज्योतिर्विद् अक्षय शास्त्री



साकेत पंचांग, अन्तरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता

**जागरूक जनता** पंचांग, नक्षत्र, तिथि, चौघड़िया

## सूर्योदय-सूर्यास्त, तिथि

बुधवार, 20/03/2024

**सूर्योदय** : 06:34 **सूर्यास्त** : 18:34 **चन्द्रोदय** : 14:25 **चन्द्रास्त** : 03:48 **शक सम्वत** : 1945 सोभाकृतु **अमान्ता महीना** : फाल्गुन **पूर्णिमांत** : फाल्गुन **सूर्य राशि** : मीन **चन्द्र राशि** : कर्क **पक्ष** : शुक्ल **तिथि** : एकादशी, 26:25 तक **वार** : बुधवार **शक सम्वत** : 1945 शोभकृत **चन्द्रमास फाल्गुन** : पूर्णिमान्त **विक्रम सम्वत** : 2080 नल **फाल्गुन** : अमान्त **गुजराती सम्वत** : 2080 राक्षस

## नक्षत्र, योग, करण

**नक्षत्र** : पुष्य, 22:37 तक
**योग** : अतिगंदा, 17:00 तक
**प्रथम करण** : वणिजा, 13:22 तक
**द्वितिय करण** : विष्टि, 26:25 तक

## शुभ समय

| | |
|---|---|
| ब्रह्म मुहूर्त | 04:52 ए एम से |
| प्रातः सन्ध्या | 05:15 ए एम से |
| अभिजित मुहूर्त | 12:05 पी एम से |
| विजय मुहूर्त | 02:30 पी एम से |
| गोधूलि मुहूर्त | 06:29 पी एम से |
| सायाह्न सन्ध्या | 06:31 पी एम से |
| अमृत काल | 07:36 ए एम से |
| निशिता मुहूर्त | 12:5 ए एम, मार्च 19 से |
| रवि योग | 06:10 पी एम से |

### निवास और शूल

दिशा शूल : पूर्व में
राहु काल वास उत्तर-पश्चिम में
होमाहुति : शुक्र
कुंभ चक्र: दक्षिण

## चौघड़िया

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया |
|---|---|---|
| लाभ | : 06:33 - 08:03 | उद्वेग : 18:33 - 20:03 |
| अमृत | : 08:03 - 09:33 | शुभ : 20:03 - 21:33 |
| काल काल वेला | : 09:33 - 11:03 | अमृत : 21:33 - 23:03 |
| शुभ | : 11:03 - 12:33 | चर : 23:03 - 00:33 |
| रोग वार वेला | : 12:33 - 14:03 | रोग : 00:33 - 02:02 |
| उद्वेग | : 14:03 - 15:33 | काल : 02:02 - 03:32 |
| चर | : 15:33 - 17:03 | लाभ : 03:32 - 05:02 |
| लाभ | : 17:03 - 18:33 | उद्वेग : 05:02 - 06:32 |

*अमृत, शुभ, लाभ और चर को शुभ चौघडिया माना जाता है एवं उदवेग, काल एवं रोग को अशुभ चौघडिया माना जाता है।*

## आज एकादशी

### आज कौन सा कार्य करें

एकादशी : व्रत, उपवास, धार्मिक कृत्य, देवोत्सव, उद्यापन तथा कथा एकादशी में शुभ है।

## बुधवार को क्या करें

**बुधवार** की प्रकृति चर और सौम्य मानी गई है। यह भगवान गणेश और दुर्गा का दिन है। कमजोर मस्तिष्क वालों को बुधवार के दिन उपवास रखना चाहिए।

**ये कार्य करें :-** सूखे सिंदूर का तिलक लगाएं। बुधवार को दुर्गा के मंदिर जाना चाहिए। पूर्व, दक्षिण और नैऋत्य दिशा में यात्रा कर सकते हैं। इस दिन जमा किए गए धन में बरकत रहती है। मंत्रणा, मंथन और लेखन कार्य के लिए भी यह दिन उचित है। ज्योतिष, शेयर, दलाली जैसे कार्यों के लिए भी यह दिन शुभ माना गया है।

**यह कार्य न करें:-** उत्तर, पश्चिम और ईशान में यात्रा न करें। बुधवार को धन का लेन-देन नहीं करना चाहिए। बुधवार को लड़की की माता को सिर नहीं धोना चाहिए, ऐसा करने से लड़की का स्वास्थ्य बिगड़ता है या उसके समक्ष कोई कष्ट आता है।

**नोट** : शुक्ल पक्ष में एक से पंचमी तक तिथियां अशुभ कही गई हैं, क्योंकि इन तिथियों में चंद्रमा क्षीण बल होता है और चंद्र बल उन दिनों नहीं रहने से कार्य सफल नहीं होते हैं। इसी प्रकार कृष्ण पक्ष की एकादशी से अमावस्या तक तिथियों में चंद्र बल क्षीण होने से शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

# राशिफल

फाल्गुन, शुक्ल, एकादशी, 2080 बुधवार, 20 मार्च - 26 मार्च, 2024

**मेष** [चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ]
लम्बित मामलों के परिणाम आपके पक्ष में होने की सम्भावना है। व्यवसाय में सहयोगी आपके कार्यों से प्रसन्न रहेंगे। निर्माण कार्यों में आपको सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ बदलाव कर सकते हैं।

**तुला** [रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते]
**संतान** से पुराने मतभेद उभरने से पारिवारिक वातावरण अशान्त होगा। आर्थिक स्थिति बिगड़ने से कर्ज लेना पड़ सकता है। कार्य क्षेत्र पर आरंभिक बिक्री के बाद आज उदासीनता छायी रहेगी।

**वृषभ** [ई,उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो]
व्यापार में जिम्मेदारियाँ बढ़ सकती है। आपकी कर्तव्यनिष्ठा की प्रशन्सा होगी। मित्रों का सहयोग लेना हितकारी होगा। जो लोग आपके विरुद्ध थे, वे अचानक आपके पक्ष में आ सकते हैं।

**वृश्चिक** [तो,ना,नी, नू,या,यी,यू]
**नौकरी** पेशाओ को अतिरिक्त कार्य मिलने से असुविधा होगी काम लापरवाही से करेंगे। मित्रो के साथ बाहर घूमने का अवसर मिलेगा। ससुराल से लाभ होगा। पारिवारिक दायित्व बढ़ने से व्यस्तता रहेगी।

**मिथुन** [क, की,कु,घ, ड,छ,के,को,ह]
विदेश में कार्यरत लोगों को सम्मान मिल सकता है। व्यवसाय में रुके हुये कार्यों में सफलता मिलेगी। जॉब में बदलाव करने का विचार बनायेंगे। प्रेम सम्बन्धों में कुछ प्रतिकूलता रहेगी।

**धनु** [ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे]
नौकरीपेशा जातको को मेहनत का फल मिलेगा। विरोधियो पर विजय प्राप्त करेंगे। शुभ समाचार मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। साहित्यकार, लेखक एवं पत्रकारों के लिए सप्ताह विशेष लाभदायक रहेगा।

**कर्क** [हि, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो]
कार्य क्षेत्र या घर में परिवर्तन अथवा साज सज्जा में बदलाव भी कर सकते है समाज के प्रतिष्ठित लोगो से सम्मान मिलेगा लेकिन आर्थिक लाभ थोड़ा विलम्ब से होगा। दाम्पत्य सुख उत्तम रहेगा।

**मकर** [भो, जा,जी, जू, खा, खू, गा, गी,]
**परिजनों** के साथ मित्रवत व्यवहार रहेगा। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति के कारण खर्च बढ़ने से असहज अनुभव करेंगे। उधार से बचे। सेहत ठीक रहेगी। आलस्य का वातावरण रहेगा।

**सिंह** [मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे]
**व्यवहार** कुशलता व संतोषि स्वभाव से सम्मानित होंगे। उधारी वसूलने में परेशानी आ सकती है। घर में मेहमानों के आने से वातावरण आनंदित होगा। पारिवारिक खर्च बढ़ने से परेशानी भी होगी।

**कुंभ** [गू, गे, गो,सा, सी, सू, से, सो, दा]
**नए** कार्यो का आरंभ आज ना करें ना ही किसी को उधार दें। इसके बाद परिवार के सदस्यों का सहयोग मिलने लगेगा लेकिन घरेलू आवश्यकताओं को नजरअंदाज करने से अशांति बढ़ेगी।

**कन्या** [टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो]
**मित्र** परिजनों के साथ ज्यादा समय बिताना पसंद करेंगे। फिजूल खर्ची से बचें। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा रहने से सप्ताह उत्साह पूर्ण रहेगा।

**मीन** [दी, दू, थे, झ, ञ, दे, दो, चा, चि]
**आर्थिक** लाभ के लिए अधिक प्रयत्न करना पड़ेगा मध्यान के समय किसी मनोकामना की पूर्ति होने से प्रसन्न रहेंगे।

आचार्य राजेश शास्त्री, जयपुर



## श्री श्याम रंगीले सेवा समिति का दो दिवसीय भंडारा आयोजित

# श्रद्धालुओं ने जमकर उठाया लुत्फ, मनमोहन झांकी ने मोहा मन

» जागरूक जनता jagrukjanta.net

**जयपुर।** श्री श्याम नवयुवक मण्डल, सोडाला और श्री श्याम के रंगीले सेवा समिति ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी खाटू मेले में जाने वाले यात्रियों के लिए गोविन्दगढ़ पैट्रोल पम्प के पास दो दिन तक भंडारा लगाया। भंडारे में पहले दिन नाश्ता, चाय, छाछ, कढ़ी-कचोरी, छोले-भटूरे, पुड़ी-सब्जी से दिन भर सेवा की। शाम को चार बजे से चाय की व्यवस्था की गई। दिन भर श्रद्धालुओं के लिए कुल्फी की व्यवस्था रही। शाम के भोजन में सब्जी-पुड़ी, गुलाब जामुन आदि प्रस्तुत किया गया। दिन भर डीजे की धुनों पर थिरकते गाते लोगों ने भंडारे का आनन्द लिया। कार्यक्रम में चेतेन्द्र मिश्रा, प्रवीण गौड, नरेश पटवा, संदीप कुमार, महेश गहलोत, उमेश बागड़ा, जय सिंह, अनिल टांक के अलावा अन्य सेवाभावी कार्यकर्ताओं ने अपनी-अपनी सेवाएं दी। भण्डारे में दूसरे दिन की व्यवस्था में इडली डोसा, सांभर बड़ा, कुल्फी, छाछ-राबड़ी, फल, कस्टर्ड, छोटे-भटूरे आदि की व्यवस्था की गई। शाम के भोजन में पूरी हलवा सब्जी की व्यवस्थाएं देर रात चलती रही। भंडारे के साथ ही पैदल आने वाले यात्रियों की थकान मिटाने के लिए थैरेपी की भी व्यवस्था की गई। श्रद्धालुओं के लिए लगाए भंडारे में लोगों ने शहर से गोविन्दगढ़ जाकर सेवाएं दीं। सभी श्रद्धालु जिनमें बच्चे और महिलाएं भी शामिल थी, खूब सेवा की और भक्ति का आनन्द लिया। भंडारे में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें राधा-कृष्ण, शिव-पार्वती की नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई। जिसमें पांडाल में एकत्रित सभी यात्रियों ने खूब आनन्द लिया। भगवान की आरती सजाई गई। आरती के पश्चात सभी भक्तजनों ने फूलों की होली खेली। एक-दूसरे पर फूलों की वर्षा कर खूब आनन्द लूटा।
























# रक्तदान शिविर में 74 यूनिट रक्त संग्रहित

» जागरूक जनता jagrukjanta.net

**जयपुर।** दिगंबर जैन सोश्यल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन के अंतर्गत दिगंबर जैन सोश्यल ग्रुप वीर एवं राजस्थान जैन युवा महासभा विद्याधर नगर जोन के द्वारा श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर पार्क, मुरलीपुरा में प्रातः 9 बजे से दोपहर चार बजे तक वृहत निःशुल्क चिकित्सा जांच, परामर्श एवं रक्तदान शिविर व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

दिगंबर जैन सोश्यल ग्रुप वीर के अध्यक्ष नीरज, रेखा जैन एवं सचिव पंकज, कशिश जैन ने बताया कि मानव सेवार्थ के इस शिविर में कुल 74 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ, सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र एवं हेलमेट देकर सम्मानित किया गया। दिगंबर जैन सोश्यल ग्रुप फेडरेशन राज. रीजन जयपुर के अध्यक्ष राजेश-सीमा बड़जात्या ने बताया की शिविर में मणिपाल हॉस्पिटल, सेहत साथी फाउंडेशन, शंकरा आई हॉस्पिटल, शेखावाटी जनाना हॉस्पिटल, क्लोव डेंटल, वेलोज ई एन टी, एस के सोनी ब्लड बैंक, फ्रीडम ब्लड सेंटर की टीम ने अपनी निशुल्क सेवाऐं दी।शिविर में 562 लोगो ने अपने रजिस्ट्रेशन कराकर विभिन्न डॉक्टर्स से निःशुल्क परामर्श लेकर बी. पी., शुगर, ई. सी. जी., हड्डियों की जांच (BMD), मोटापे की जांच, लिपिड प्रोफाइल, किडनी फंक्शन, लिवर फंक्शन, थायरॉइड की निशुल्क जांच का लाभ प्राप्त किया। दिगंबर जैन सोश्यल ग्रुप फेडरेशन के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष यश कमल अजमेरा ने बताया कि इस अवसर पर बेडमिंटन के 4 बार के स्वर्ण पदक विजेता अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रिषभ जैन को डेनमार्क की एफ जेड फोरजा स्पोर्ट कंपनी का पावर एंबेसडर बनने पर सम्मानित किया गया। राजस्थान जैन युवा महासभा के प्रदेश मंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि शिविर में मरीजों को पास की कमजोर नजर के चश्मे एवं सामान्य बीमारियों की दवाईयां भी निःशुल्क वितरित की गई। इस अवसर पर महिला शक्ति का एवं विभूतियों का, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में देश एवं समाज के विकास में योगदान दिया है, उनका माला, दुप्पटा पहनाकर,मोमेंटो व प्रशस्ति देकर सम्मान किया गया ।शिविर के सफल आयोजन के वीर ग्रुप के कोषाध्यक्ष आशीष- रिद्धि जैन ने वीर ग्रुप के समस्त सदस्यों का सभी के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।



# हुनर फाउंडेशन ने मनाई कान्हा संग फूलों की होली



» जागरूक जनता jagrukjanta.net

**जयपुर।** हुनर फाउंडेशन द्वारा पर्यावरण जागरूकता संदेश के साथ दुर्गापुरा स्थित होटल में मनाई गई फूलों की होली। इसमें 100 से भी अधिक जयपुर के गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। डा.तुषार जगावत जो पेशे से एक मनोचिकित्सक है और पर्यावरण बचाओ का संदेश देते हैं उन्होंने फाउंडेशन की संस्थापक भावना बंसल के साथ सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को कम करने की महिलाओं को शपथ दिलाई। फाग में विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। रिया, विदुषी, वंशिका व विजेता ने राधा कृष्ण वेशभूषा, राधा कृष्ण डांस मैं प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। साथ ही राधा कृष्ण की मनोरम झांकियां हुई व कृष्ण सुदामा के मनोरम प्रसंग का भाव पूर्ण चित्रण किया गया। 100 किलो फूलों के साथ खेले गए राधा कृष्ण की होली होली में महिलाए राधा कृष्ण की वेशभूषाधारण करके आए थे। प्रतिभागियों ने राधा कृष्ण के गेट अप में अति सुंदर प्रस्तुतियां दी। हुनर फाउंडेशन के डायरेक्टर्स पिंकी, महिमा, प्रिया, शैली, तेजिंदर, दिव्या, रिया अमृता, आशा, दिव्या व शिखा ने कार्यक्रम को सुचारू चलाने के लिए सक्रिय सहयोग किया । एंकर स्नेह साहनी ने अपनी दमदार एंकरिंग से सभी सदस्यों को इंटरटेन किया। ग्रुप के संरक्षण के रूप में कुसुम खंडेलवाल जी ने सभी कार्यक्रम में पूर्ण सहयोग दिया। खाटू श्याम से आई मंडली ने पूरे माहौल को ब्रजमय बना दिया।

# रीजन कॉन्फ्रेंस मे लायंस क्लब विद्याधर नगर को मिले पुरुस्कार



» जागरूक जनता jagrukjanta.net

**जयपुर।** होटल हिलटन मे आयोजित रीजन कॉन्फ्रेंस "रजिता" मे लायंस क्लब विद्याधर नगर को कई सेवा कार्यों के लिए रीजन चेयर पर्सन कुसुम सोगानी द्वारा विभिन्न पुरुष्कार देकर सम्मानित किया गया। क्लब ने बैनर प्रेजेंटेशन का भी प्रथम पुरुस्कार जीता. क्लब की थीम नारी सस्तीकरण थी। क्लब की और से अध्यक्ष पंकज पुलासारिया व सचिव पवन अग्रवाल ने पुरुष्कार प्राप्त किये. कार्यकर्म मे लायंस इंटरनेशनल की कई बड़ी विभूतिया शामिल थी जिनकी उपस्थिति मे ये कार्यक्रम आयोजित हुआ।

# गोविंद देव जी मंदिर में फाग उत्सव की धूम



» जागरूक जनता jagrukjanta.net



**जयपुर।** गोविंद देव जी के सत्संग भगवान भवन में फाग उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। 18 मार्च को देश के कई कलाकारों ने सुंदर प्रस्तुति देखकर सारा माहौल होली के रंग में रंग दिया। प्रस्तुत करने वाले कलाकारों में पंडित जगदीश शर्मा का गायन, नृत्य गुरु संगीता मित्तल और उनके शिष्य मंडली का कथक नृत्य. सीमा मिश्रा, संजय राय ज्यादा और मंजू शर्मा का गायन हुआ। डॉ स्वाति अग्रवाल ने भी अपने शिष्यों के साथ सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी। स्वाति ने मोहे छेड़ो ना ठुमरी पर भाव नृत्य प्रस्तुत किया वही उनकी शिष्याओं ने होली खेलत गिरधारी पर प्रस्तुति देखकर ठाकुर जी को रिझाया।

# होम्योपैथिक औषधालय में शाला स्वास्थ्य कार्यक्रम आयोजित



» जागरूक जनता jagrukjanta.net

**जयपुर।** होम्यो चिकित्सा विभाग राजस्थान द्वारा संचालित राजकीय होम्योपैथिक औषधालय मुरलीपुरा स्कीम में डॉ. मुकुल शर्मा के नेतृत्व में राजकीय मा. विद्यालय मुरलीपुरा बीड के छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों का परीक्षण करके आहार पोषण और मौसमी बीमारियों की जानकारी देने के साथ आवश्यकतानुसार दवा भी वितरित की गई।




इन दिनों आप होली की तैयारी कर रही होंगी। साफ-सफाई, डिशेज और गिफ्ट की भी प्लानिंग में बिजी होंगी। लेकिन क्या आपने होली पार्टी में पहनने के लिए ड्रेस का सेलेक्शन कर लिया है? अगर नहीं तो हम आपको कुछ बेहतरीन ट्रेडिशनल ड्रेस ऑप्शंस के बारे में बता रहे हैं। इनमें से कोई भी आप सेलेक्ट कर सकती हैं।

# कलरफुल फेस्टिवल में छाए ट्रेडिशनल ड्रेसेस की बहार





» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

होली आने में अब एक सप्ताह से भी कम का समय रह गया है। जाहिर है, आप इसकी तैयारी में बिजी होंगी। लेकिन अपनी व्यस्तता के बीच होली पार्टी में अपने ड्रेसअप लुक की तैयारी करना मत भूलिएगा। इस मौके पर ट्रेडिशनल ड्रेसेस ही फबती हैं। आपकी हेल्प के लिए हम आपको कुछ फेस्टिव ड्रेस ऑप्शंस जैसे-धोती-कुर्ता सूट, साड़ी, अनारकली और लाइट फैब्रिक लहंगा के बारे में बता रहे हैं। अब इनमें से जो आपको जंचे, अपने लिए चुन लीजिए।

### लॉन्ग अनारकली देगी अलग ग्रेस

ज्यादातर यंग एज महिलाओं को साड़ी पहनकर काम करने या फेस्टिवल एंज्वॉय करने में कंफर्ट फील नहीं होता है। ऐसे में सूट्स में अनारकली सूट भी इस मौके के लिए अच्छा ऑप्शन है। यह ट्रेडिशनल ड्रेस होते हुए भी आपको अलग ग्रेस देती है। इसे पहनना आसान होता ही है, इसमें आपका लुक फेस्टिव नजर आता है। इनमें काफी वैरायटीज आपको मार्केट में मिल जाएंगी। यदि वर्क की बात की जाए तो इनमें प्रिंटेड से लेकर हैवी एंब्रॉयडरी तक की बहुत बड़ी रेंज मिल जाएगी। आपको चुनाव वही करना चाहिए, जो आप पर सूट करे और फेस्टिवल के अकॉर्डिंग हो।

### स्टाइलिश धोती-कुर्ता सूट

आमतौर पर फेस्टिवल्स में ट्रेडिशनल ड्रेसेस पहनना ही जंचता है। आप चाहें तो नॉर्मल सलवार-सूट के बजाय धोती-कुर्ता सूट को कैरी कर सकती हैं। इसे पहनकर आप ट्रेडिशनल लुक में भी काफी स्टाइलिश नजर आएंगी। इस ड्रेस में लोअर साइड में धोती स्टाइल में सलवार होती है, जिसे काफी स्टाइलिश तरीके से बनाया जाता है। ऊपर की तरफ कुर्ता थोड़ा शॉर्ट और ए लाइन स्टाइल में होता है। यह पेयरिंग बेहद खूबसूरत नजर आती है। कुर्ते पर गोटा पत्ती का वर्क किया हुआ होता है, जो इसकी सुंदरता में चार चांद लगा देता है। इसे अपने लिए सेलेक्ट करते समय आप थोड़े ब्राइट कलर का ही फैब्रिक लें, इससे आपको फेस्टिव वाली फीलिंग आएगी।



### डिफरेंट लाइट लहंगा

अगर आपका मन कुछ डिफरेंट लेकिन ट्रेडिशनल पहनने का है तो आप लहंगे को भी इस मौके के लिए चूज कर सकती हैं। लेकिन लहंगा सेलेक्ट करते समय लाइट वेटेड फैब्रिक लेना सही रहता है, क्योंकि ज्यादा हैवी आप पहनेंगी तो अच्छा लुक नहीं आएगा। साथ ही आपका पूरा ध्यान उसे संभालने में ही लगा रहेगा, होली आप एंज्वॉय नहीं कर पाएंगी। लाइट फैब्रिक वाले लहंगे में आप बहुत अट्रैक्टिव नजर आएंगी। आप चाहें तो अपनी किसी लाइट फैब्रिक साड़ी से भी लहंगा डिजाइन करवा सकती हैं, लेकिन साड़ी का कलर ब्राइट होना चाहिए। इससे आपकी साड़ी का नए रूप में इस्तेमाल भी हो जाएगा।

### अलग-अलग वैरायटीज वाली साड़ी

अगर आप होली की पार्टी में साड़ी पहनने की इच्छुक हैं तो इसमें भी कई ऑप्शंस आपके पास हैं। वैसे भी ट्रेडिशनल ड्रेसेस में साड़ी का कोई मुकाबला ही नहीं है। फेस्टिव ऑकेजन को देखते हुए इन दिनों साड़ी में काफी वैरायटीज उपलब्ध हैं। आप इस तरह की साड़ी पहन सकती हैं, जिसमें साड़ी का बेस कलर सफेद या क्रीम हो। उस पर अगर प्रिंट्स हों तो और भी खूबसूरत नजर आएगी। लाइट कलर बेस पर कलर्ड प्रिंट से एक अलग ही लुक आता है। उनमें आप फ्लावर प्रिंट या फिर किसी भी अट्रैक्टिव प्रिंट की साड़ी ले सकती हैं। होली पर इस तरह की साड़ी अट्रैक्टिव दिखेगी।

# फाल्गुनी गीतों की धूम व चंग की बिक्री जोरो पर

**होली पर माली समाज का रहता है चंग, गैर नृत्य और फाग गायन का क्रेज**

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**पीपाड़ शहर @ मेहराम गहलोत।** होली के त्यौहार की मस्ती हो और पीपाड़ में चंग ना बजे, ऐसा कैसे हो सकता है. राजस्थान की सांस्कृतिक राजधानी सूर्य नगरी जोधपुर के 60 कि.मी पर स्थित पीपाड़ शहर में चंग की थाप पर मस्ती का दौर शुरू हो चुका है. विभिन्न गांव ढाणियों कस्बों और शहरों की गलियों में जिस तरह परंपरागत तरीके से होली के गीतों के साथ चंग बज रहे हैं उससे होली का माहौल भी नजर आ रहा है। हंसी,मस्ती व खुशी के पर्व होली में कुछ ही दिन शेष है। ऐसे में धीरे-धीरे गांव से शहर तक फाल्गुनी मस्ती छाने लगी है। दैनिक कामकाज दौरान लोग फाग सुनते तो फुर्सत मिलने पर रात्रि में चंग बजाते हुए फागण के गीत गाते हैं। इस पर चंग बनाने के साथ इनकी बिक्री शुरू हो गई है। पीपाड़ शहर स्थित दुर्गा म्युजिक तबला स्टोर के मालिक गुलाब चंद, और उनके पुत्र धर्मराज पंवार ने बताया की हमारे यहा हमारे साथ ही परिवार के सभी सदस्यगण चंग बनाने में जुट जाते है और यह हमारी चौथी पीढ़ी है और चालीस सालों से यह काम कर रहे हैं

होली पर्व पर चंग की मांग बढने पर होली से दो माह पहले इसे बनाने में जुट जाते हैं। 22 से 34 इंच घेरे के आकार में बनने वाले चंग की लकड़ी गुजरात से मंगवाते हैं। आम की लकड़ी लचीली होने पर आसानी से मुड़ती है। इस पर बकरे की खाल चढ़ा कर चंग बनाते हैं। वाटर कलर से इस पर सुंदर कलात्मक चित्रकार की जाती हैं एक चंग बनाने में 10 से 15 मिनट व तैयार होने में 7-8 घंटे का समय लगता है। एक दिन में 15 से 18 चंग बनाता है। 400 से 4000 रुपए तक की कीमत में बिकने वाले चंग को बच्चे से बड़े सभी चाव से खरीदते है। इसमें छोटे बच्चो के भी चंग आते है वह उनके ऑर्डर के अनुसार बनाए जाते है. पर्व के दिनों में इसकी अच्छी खासी बिक्री होती पर हम इन दिनों इसे बनाने में जुट गए हैं। आधुनिकता के बावजूद इनकी मांग व बिक्री में कोई खास कमी नहीं आई है। पहले की तरह ही लोग इन्हें खरीदकर बजाते व मनोरंजन करते हैं। हालांकि गत वर्षों के मुकाबले अब इनकी मांग बढ़ने लगी, जिसका सबसे ज्यादा क्रेज शहरो से ज्यादा ग्रामीण क्षेत्रो में देखने को मिलता है जोधपुर शहर और गावों के साथ-साथ बैंगलोर, मद्रास, मुंबई, पूना व हैदराबाद व कई शहरों में लोग भी यहां आकर चंग खरीदकर ले जाते है।

### जानिए कैसे तैयार होता है चंग

धर्मराज पंवार ने बताया कि चंग का घेरा बनाने का काम सबसे मेहनत का काम होता है. डफ का घेरा बनाने में ज्यादातर आम की लकड़ी का इस्तेमाल किया जाता है. आम की लकड़ी काफी हल्की होती है और इससे बनाये गए डफ को काफी देर तक हाथ में रखा जा सकता है. यहीं वजह की आम की लकड़ी का घेरा बनाया जाता है. आम के घेरे पर भेड़ की खाल को चढ़ाया जाता है. भेड़ की खाल को डफ के घेरे पर लगाने के लिए मैथी व सिलिकॉन का घोल काम में लिया जाता है. इससे पहले भेड़ की खाल को आंकड़े के पौधा के दूध से साफ किया जाता है. एक डफ तैयार करने में चार से छह घंटे लगते है, लेकिन सूखने में तीन से चार दिन लग सकते है. डफ जितना ज्यादा सूखा होगा इसकी धून उतनी ही अच्छी होगी।

**होली** से आठ दस दिन पूर्व चंग की मांग जोरदार होती है चंग के बिना फीका रह जाता है हमारे यहा चंग के साथ तबला, ढोलक, ढोल और सभी प्रकार के म्युजिक यंत्र तैयार होते है होली का त्योहार है तो इसमें छोटे बच्चो के भी चंग आते है वह उनके ऑर्डर के अनुसार बनाए जाते है चंग का क्रेज शहरो से ज्यादा ग्रामीण क्षेत्रो में देखने को मिलता है

**धर्मराज पंवार,** दुर्गा म्युजिक तबला स्टोर

**होली-धुलण्डी पर निकलेगी माली समाज की मुख्य एतिहासिक गैर**

# होली गैर में इस बार दिखेगा राजस्थानी संस्कृति वेशभूषा का अनूठा संगम

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**पीपाड़ शहर/ जोधपुर।** कस्बे के पीपाड़ शहर में माली समाज की ओर मालियान आथुणी हथाई से निकलने वाली ऐतिहासिक होली की गैरे धमका पांचु को शुरू हो गयी है चंग की थाप, पैरों में घुंघरु, सिर पर पर साफा, धोती व कमीज, इन सब पर थिरकते पैर और फागुन गीतों की मस्ती। कुछ ऐसा ही दृश्य हो रहा है गैर में। गैर सदस्यों ने चंग की थाप पर फागुनी गीतों की बेहतरीन प्रस्तुति दी। इस दौरान जोरजी चोंपावत घुड़ला बाजारों में खडिया रे..., हां रे फागण फरवरियो., होळी आइगी., सेला बाजारां में कांई..., मेहंदी वाळो खेत..., समेत कई फागत गीतों की प्रस्तुति से समूचा माहौल ही फागणमय हो गया। माली समाज अध्यक्ष सुखदेव सैनी ने बताया कि इस बार पीपाड़ शहर में माली समाज द्वारा निकलने वाली गैर में राजस्थानी लोक सांस्कृतिक एवं कला का अनूठा संगम देखने को मिलेगा हर बार की भांति निकले वाली होली गैर में इस बार विशेष ड्रेस कोड रखा गया है जिसमें पारंपरिक वेश-भूषा सफेद धोती- कुर्ता के साथ पैरों में घुंघरू, हाथ में कशीदाकारी की हुई पंखी, फुलो से सजी लकड़ी और छाता रहेगा और पुरी गैर आकर्षण का केंद्र रहेगी। जिसको लेकर तैयारी पूरी कर दी गई है। इस गैर को सफल बनाने के लिए माली समाज के पंचगण माली सब्जी मंडी अध्यक्ष जवरीलाल गहलोत, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष महेंद्र सिंह कच्छावाह, बाबूलाल टाक, ठेकेदार जीवराज मारोटीया, मिंसाराम सांखला,राज ग्रुप के सुरेश कच्छावाह, माली छात्रावास अध्यक्ष सुरेंद्र टाक, रामदीन भलालिया, रघुनाथ टाक, चेतन प्रकाश मारोटिया, चेनाराम, अमराराम गहलोत ,जगदीश टाक, सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता जनप्रतिनिधि गण, आथुणी और ऊगुणी हथाई सहित चालीस बेरो के वरिष्ठ पंच गण लगे हुए हैं।

**सीयूजी में भाषा सम्मेलन का आयोजन**

# मां, मातृभूमि और मातृभाषा का कोई विकल्प नहीं-प्रो. दूबे

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**गांधीनगर।** भारतीय भाषा संस्कृति की संवाहिका है। हमारी संस्कृति का प्रवाह भारतीय भाषाओं से ही संभव हो सका है। मातृभाषा में मौलिक अभिव्यक्ति होती है। आज राष्ट्रीय शिक्षा नीति मातृभाषा के प्रति शिक्षा के नए आयाम स्थापित कर रही है। हमें भाषा के लालित्य एवं सौंदर्य को बढ़ाना होगा। ये कहना है, गुजरात केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रमाशंकर दूबे का। मंगलवार को भारतीय भाषा समिति (शिक्षा मंत्रालय) एवं गुजरात केन्द्रीय विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित भारतीय भाषा सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि अब आवश्यकता है हम हमारी मातृभाषा को संवारे। उन्होंने कहा कि मां, मातृभूमि और मातृभाषा का कोई विकल्प नहीं है। हमारी मातृभाषा पर हमको गर्व करना चाहिए। सम्मेलन की मुख्य अतिथि डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर मुक्त विश्वविद्यालय, अहमदाबाद कि कुलपति प्रो. अमी उपाध्याय ने कहा कि भाषा के संकुचन से वैचारिक विश्व भी संकुचित हो रहा है। शब्द गुम होने पर संस्कृति भी गुम हो जाती है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि, वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दावली आयोग, शिक्षा मंत्रालय के अध्यक्ष प्रो. गिरीश नाथ झा ने कहा कि वर्तमान में कई भाषाएं गौण हैं। आयोग के पास 30 लाख शब्दों का मुद्रित कोष है। हमारे पास 22 मुख्य भाषाएं है। 270 मातृ भाषाओं में शिक्षण हो रहा है, वहीं 121 भाषा समुदाय है। हमारा ध्येय है, स्कूली शिक्षा को पूर्ण रूप से मातृ भाषा में हो । हमारे पास लिखित सामग्री कम होने से शब्दावली निर्माण में देरी हो रही है। हमें अब भाषा समुदाय को संचालित करना होगा। शब्दावली आयोग ने 50 से अधिक परिभाषा कोर्स बनाएं है। कार्यक्रम के संयोजक प्रो. सुरेश कुमार अग्रवाल ने बताया कि हमारी मातृभाषा एकता एवं अखंडता की वाहक है। शिक्षा में परिवर्तन के लिए हमें भाषा में परिवर्तन करना होगा। इस अवसर दूसरे विशिष्ट अतिथि डॉ. ओउम् प्रकाश पाण्डेय ने भाषा के संरक्षण की बात कही। भाषा ईश्वरीय देन है, मानव निर्मित नहीं है। सम्मेलन में उद्घाटन सत्र के साथ ही विभिन्न तकनीकी सत्रों का आयोजन किया गया। सम्मेलन के सह-समन्वयक डॉ. बालुदान बारहठ ने आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# यादव ने शुरू किया जनसंपर्क अभियान, खोले कार्यालय



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**अलवर।** अलवर की राठ धरती पर भाजपा प्रत्याशी भूपेन्द्र सिंह यादव के बढते कदमों ने कांग्रेस प्रत्याशी ललित यादव के कदमों थमा सा दिया है आज भाजपा प्रत्याशी ने कांग्रेस प्रत्याशी ललित यादव के ग्रह क्षेत्र मुण्डावर में अपना कार्यालय खोल दिया है। इधर, कांग्रेस प्रत्याशी अभी तक अपना चुनाव कार्यालय खोलने के विचार में लगे है। जिले भर की आठो विधानसभा सीटो पर भाजपा प्रत्याशी भूपेन्द्र यादव ने चुनाव कार्यालय खोलकर घर-घर जनसंपर्क शुरू कर दिया है। कांग्रेस प्रत्याशी द्वारा अभी तक एक भी चुनाव कार्यालय नही खोलने से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में मायूसी का माहौल है।

**सीएलजी सदस्यों की बैठक**

# होली पर्व पर बनाएं शांति व्यवस्था



**पीपाड़ शहर @ जागरूक जनता।** पुलिस थाने में सीएलजी सदस्यों की एक बैठक जोधपुर जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में होली के पर पर शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर चर्चा की गई। कलेक्टर अग्रवाल ने सीएलजी सदस्यों से त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शहर में सांप्रदायिक सौहार्द कायम रखने में सीएलजी सदस्यों को विशेष भूमिका निभानी होगी। जोधपुर पुलिस के ग्रामीण एसपी धर्मेंद्र यादव त्योहार के दौरान कहीं पर भी अप्रिय घटना हो तो पुलिस को सूचित करने का अनुरोध किया। बैठक में धुलंडी के दिन होने वाले आयोजनों के बारे में भी जानकारी ली गई। रंग-गुलाल उड़ाते समय बवाल न करें ताकि होली का पर्व सुखमय तरीके से संपन्न हो। उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर कस्बों और गांवों में हुड़दंग न करने की मौजूद लोगों से अपील की। **यह मुद्दे रहे विशेष :** साफ-सफाई, सीसीटीवी कैमरा, आवारा पशुओं का आतंक, अस्पताल में डॉक्टर का समय पर उपस्थित नही होना, पेयजल संकट, अतिक्रमण हटाने जैसे कई गंभीर मुद्दो को जिला कलेक्टर के सामने रखा गया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक भोपाल सिंह लखावत, पीपाड़ शहर उपखंड अधिकारी दुदाराम हुड्डा, नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी सुनील चौधरी, थानाधिकारी चुन्नीलाल विश्नोई , नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष महेंद्र सिंह कच्छावाह, बाबूलाल टाक, माली समाज अध्यक्ष सुखदेव सैनी, माली सब्जी मंडी अध्यक्ष जवरीलाल गहलोत, भाजपा मंडल अध्यक्ष रामकिशोर भूतड़ा, समाजसेवी सुरेंद्र टाक, सुरेश कच्छावाह, पुर्व पार्षद सोहनलाल सांखला, मण्डल महामंत्री आदित्य कच्छावाह , कृष्णा युथ यूनियन के जितेंद्र सैनी, रामकिशोर टाक सहित कई प्रशासनिक अधिकारी जनप्रतिनिधि पार्षद गण और सीएलजी मेंबर मौजूद रहे।

# फाग में चढ़ा सांवेर का रंग



**जयपुर @ जागरूक जनता।** लक्ष्मी गार्डन 100 फीट रोड गोकुलपुरा में बाबा श्याम का दरबार सजाकर फाग उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन रूपनगर एवं हनुमान वाटिका की विदुषी महिला मंडल आदि शक्तियों द्वारा किया गया। फाग उत्सव कार्यक्रम में भजन गायक कलाकार पुनीत जी कुमावत की टोली द्वारा विभिन्न प्रकार की गानों की प्रस्तुति दी। राधा व श्याम की सुंदर जोड़ी बाल कलाकारों के रूप में बनाई गई। साथ ही महिला मंडल द्वारा गुलाब एवं फूलों की रंगारंग होली खेली गई एवं सभी ने नृत्य द्वारा आनंद लिया। विनायक किड्स स्कूल की हेड अलका शर्मा एवं प्राचार्य मनीषा शर्मा ने नारी सशक्तिकरण की परिभाषा को होली के गीतों से परिभाषित किया। अंत में प्रसादी वितरण की गई। विदुषी महिला मंडल में अलका शर्मा ,मनीषा शर्मा, निशा गुप्ता, हेमा जी, चंदा जी, कोमल जी सीमा जी, आंचल जी,अंकिता जी , मधु जी, किरण जी,महिला मंडल ने सहयोग किया।

# नव चेतना ग्रुप ने मनाया फातोत्सव



**जयपुर @ जागरूक जनता।** नव चेतना ग्रुप झोटवाड़ा जयपुर के तत्वाधान मे खाटू श्याम मंदिर, गुमान फर्नीचर के सामने, कालवाड़ रोड, जयपुर पर रंगारंग फागोत्सव 2024 मनाया गया, जिसमे नव चेतना ग्रुप के सेकड़ो सदस्यों ने फूलो की होली खेली एवं खाटू श्याम बाबा के भजनो का आनंद लिए, कार्यक्रम स्थल पर काफ़ी स्थानीय लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम मे चंग बजाना, अबीर गुलाल की होली, फूलो की होली, इत्र की वर्षा एवं राधे कृष्णा का नृत्य आकर्षक का केंद्र रहा, कार्यक्रम दोपहर 12 बजे शुरू होकर सायंकाल तक तक सुचारु से चलता रहा, अंत मे श्याम बाबा की आरती हुई एवं प्रसाद वितरण हुआ। कार्यक्रम मे ग्रुप की प्रियंका गोयल, मंजू अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, शर्मीला, निशा, किरण, प्रियंका, शालू जी ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# दाधीच अखिल भारतवर्षीय महिला प्रकोष्ठ ने मनाया फाग उत्सव



**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** अखिल भारतवर्षीय दाधीच ब्राह्मण महासभा महिला प्रकोष्ठ चित्तौड़गढ़ द्वारा प्रताप नगर स्थित श्री सत्यनारायण मंदिर में बड़ी ही धूमधाम से फाग उत्सव मनाया गया। महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष अंजु दाधीच ने बताया कि सबसे पहले भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना की गई इसके पश्चात सभी सखियों द्वारा गुलाब के फूलों की होली के साथ-साथ मधुर भजन और कीर्तन के साथ नृत्य किया। सरोज दाधीच एवं खुशी शर्मा द्वारा सुंदर-सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी गई। अंजु दाधीच, भगवती शर्मा, लक्ष्मी दाधीच, निधि शर्मा, रेखा, उषा, सरोज, सरोज दाधीच, इंदु शर्मा, ज्योति तिवारी, ज्योति व्यास, भारती दाधीच, अलका शर्मा, सुमन शर्मा, खुशी, माया, माया दाधीच, सीमा तिवारी, रजनी तिवारी, मंजू काकड़ा, सुनीता दाधीच, रेखा दाधीच, कृष्णा, प्रियंका जोशी, लीला जोशी, पुष्पा, पूजा, दुर्गा, शालिनी, राजलक्ष्मी शर्मा, स्नेह लता शर्मा, मंजू शर्मा, सावित्री भट्ट, रेखा, रेखा शर्मा, राजकुमारी, अलका, रीना, शारदा आदि महिलाएं उपस्थित थी।



# पक्षियों के लिए 50 परिंडे लगाए

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**उदयपुर।** मानव कमल कैलाश सेवा संस्थान द्वारा पूजा पार्क सेक्टर 04, रामलीला पार्क हिरण मगरी सेक्टर 5 व बप्पा रावल नगर सेक्टर 06 आदि क्षेत्रों में गर्मी के मौसम को देखते हुए पक्षियों के लिए पानी के परिण्डे लगाये गये। संस्थान के संस्थापक चैयरमेन कैलाश 'मानव' एवं सहसंस्थापिका कमला देवी अग्रवाल ने बताया कि हिरण मगरी क्षेत्र में 50 परिण्डे लगाये गये। संस्थान का कुल 500 परिंडे लगाने का लक्ष्य है। वरिष्ठ प्रभारी कुलदीप सिंह की टीम इस सेवा के कार्य पूरा करेगी। शीतल अग्रवाल,राज कुमार मेनारिया, ओम प्रकाश मोहनलाल रेबारी, भैरूलाल सेवा में मौजूद रहे।

## नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया आज से शुरू



**अलवर @ जागरूक जनता।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के तहत प्रथम चरण में कल 20 मार्च से नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। अलवर में निर्वाचन से जुड़ी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष गुप्ता की अध्यक्षता में खैरथलः तिजारा, भिवाड़ी और कोटपूतली, बहरोड़ जिले के कलेक्टर और एसपी की बैठक मिनी सचिवालय में आयोजित हुई। इस दौरान निर्वाचन आयोग के निर्देश और चुनाव संबंधित चर्चा की गई। इसके बाद ईवीएम/वीवीपेट का प्रथम रेण्डमाईजेशन किया गया। इस दौरान राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने किया नवाचार

# विदेशी सोना 'शिताके' करेगा कैंसर का जड़मूल नाश

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**उदयपुर।** महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कृषि के क्षेत्रों में नवाचारों के लिए अपनी अलग पहचान रखता है। ऐसा ही नवाचार इस विश्वविद्यालय के राजस्थान कृषि महाविद्यालय ने किया है। यहां के कृषि वैज्ञानिकों ने जर्मनी में उगने वाले मशरूम को पहली बार यहां उगाने का काम किया है। बताया जा रहा है कि यह मशरूम कैंसर मरीज के लिए वरदान से कम नहीं है। वैसे तो इसका जापान में बड़ी मात्रा में उत्पादन किया जा रहा है, लेकिन अब राजस्थान के उदयपुर में भी इसका उत्पादन शुरू कर दिया गया है। इसका नाम शिताके मशरूम है। शिताके मशरूम 1400 से 1600 रुपए प्रति किलो के भाव से मिलता है, जबकि सूखे मशरूम की कीमत सात से साढ़े सात हजार रुपए प्रति किलो है। शिताके मशरूम एक महत्वपूर्ण कैंसर रोधी मशरूम है, जिसका प्रभाव भी सिद्ध हो चुका है। यह कैंसर की सेल को कमजोर करने का काम करता है।



### यहां 22 डिग्री के तापमान में हो रहा उत्पादन

**शिताके** मशरूम 14 डिग्री तापमान में होता है लेकिन उदयपुर में 18-22 डिग्री तापमान में इसे उगाया जा रहा है। वर्तमान में इसका बाजार मूल्य 2 से 3 हजार रुपए प्रति किलो है। यदि उदयपुर में इस खेती का वृहद स्तर पर उत्पादन किया जाए तो इसका लोगों को काफी फायदा मिलेगा। कॉलेज ने मशरूम परियोजना में मशरूम उत्पादन वृहद स्तर पर करने का कार्य शुरू कर दिया है।

### यह है लगाने की विधि

**राजस्थान** कृषि महाविद्यालय के डॉ.नारायणलाल मीणा ने बताया कि शिताके मशरूम को उगाने के लिए दोनों सूत्रों की आवश्यक सामग्री की मात्रा (लकड़ी का बुरादा एवं भूसा) एवं गेहूं के चापड़ में 24 घंटे भिगोकर रखें। अगले दिन इसे बाहर निकाल जाली या पॉलीथिन शीट पर डाल दें। कुछ सामग्री मुट्ठी में लेकर दबाएं। इसके बाद उपरोक्त सूत्रों में दी गई कैल्सियम क्लोराईड एवं जिप्सम की मात्रा को मिला दें और बैग में भर दें। बैग को ऑटोक्लेव में 2 घंटे तक 15 पाउण्ड दाब व 121.60 सेंटीग्रेड तापमान पर निर्जीवीकरण करें। ठण्डा होने पर ये बैग बीजाई के लिए तैयार हो जाएंगे।

### लकड़ी के बुरादे पर हो सकता है उत्पादन

**कृषि** वैज्ञानिकों की मानें तो इस मशरूम का लकड़ी के बुरादे पर ही उत्पादन किया जा सकता है। क्योंकि प्रकृति में भी यह लकड़ी पर ही पाई जाती है। यह मशरूम मुख्य रूप से जर्मनी का है और वहीं से मंगवाकर यहां उत्पादित किया गया है।

### मशरूम उगाने का सूत्र

**सौ** बेग लगाने के लिए 100 किलो लकड़ी का बुरादा, 1 किलो कैल्सियम कार्बोनेट, 2 किलो जिप्सम चूर्ण, 30 किलो गेहूं का चापड़। सौ बेग लगाने के लिए 75 किलो लकड़ी का बुरादा, 25 किलो गेहूं का भूसा, 1 किलो कैल्सियम कार्बोनेट, 2 किलो जिप्सम चूर्ण, 30 किलो गेहूं का चापड़।

मजिस्ट्रेट गर्ग एवं कुलपति प्रो. (वैद्य) प्रजापति करेंगे उद्घाटन

## आयुर्वेद विवि की नवीन स्वर्णप्राशन यूनिट का शुभारंभ आज

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जोधपुर।** डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय जोधपुर के कौमारभृत्य विभाग के अधीन चल रहे स्वर्णप्राशन कार्यक्रम के अंतर्गत भवानी आदर्श विद्या मंदिर, पाल रोड, जोधपुर में नवीन स्वर्णप्राशन यूनिट पर भी आज से प्रत्येक माह के पुष्य नक्षत्र पर स्वर्णप्राशन ड्रॉप्स पिलायी जायेगी।

भवानी आदर्श विद्या मंदिर स्कूल पाल रोड में स्वर्णप्राशन यूनिट का उद्घाटन प्रातः 9:30 बजे मुख्य अतिथि, कुलपति प्रो. (वैद्य) प्रदीप कुमार प्रजापति एवं अति विशिष्ट अतिथि, न्यायाधिपति मनोज कुमार गर्ग द्वारा किया जायेगा। कार्यक्रम की मिश्रीलाल प्रजापत सचिव प्रबंधन भवानी आदर्श मंदिर स्कूल अध्यक्षता करेंगें। इस अवसर पर आयुर्वेद विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. गोविंद सहाय शुक्ल ने बताया कि स्वर्णप्राशन कार्यक्रम का प्रारंभ आयुर्वेद विश्वविद्यालय में वर्ष 2016 से हुआ और आज तक आयुर्वेद विश्वविद्यालय द्वारा लगभग 1 लाख से अधिक बच्चों को स्वर्णप्राशन ड्रॉप पिलाई जा चुकी है। स्नातकोत्तर बालरोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. हरीश कुमार सिंघल के निर्देशन में स्वर्णप्राशन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आमजनता में बच्चों के सर्वांगीण स्वास्थ्य में स्वर्णप्राशन के लाभ और महत्त्व के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिये प्रतिमाह की भांति आज 20 मार्च को जोधपुर शहर के नवीन स्वर्णप्राशन यूनिट के साथ 11 केन्द्रों , एम्स जोधपुर की आयुष ओ.पी.डी. में, जालौरी गेट के निकट शनिश्चर थान, सम्राट अशोक उद्यान के सामने भवानी आदर्श विद्या मंदिर स्कूल, चौपासनी हाउसिंग बोर्ड स्थित लवकुश गृह-नवजीवन संस्थान, बाल बसेरा सेवा संस्थान, मगरा पूंजला स्थित राजकीय किशोर गृह, विश्वविद्यालय आयुर्वेद चिकित्सालय, करवड़, गोद-ग्राम घड़ाव के राजकीय विद्यालय, कोणार्क आर्मी, रातानाड़ा, जोधपुर, विक्टोरियन किड्स स्कूल एवं राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, कुड़ी भगतासनी हाउसिंग बोर्ड पर स्वर्णप्राशन ड्रॉप्स पिलायी जायेगी।

## गायत्री माता मेला 25 से, तैयारियां शुरू

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** मातेश्वरी सेवा समिति की बैठक सोमवार सायंकाल लाखा का खेड़ा स्थित गायत्री माता मंदिर परिसर में महंत हरिओम दास साध्वी महाराज, महंत चुन्नीनाथ महाराज, नारूनाथ, बालकनाथ, राम गिरी आदि साधु-साध्वी के सानिध्य एवं मातेश्वरी सेवा समिति के जिलाध्यक्ष सत्यनारायण विजयवर्गीय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में प्रति वर्ष 25 से 27 मई तक आयोजित किये जाने वाले तीन दिवसीय माँ गायत्री मेले के आयोजन एवं इससे पूर्व 15 दिवसीय बंजारा समाज की रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता एवं ग्राम पंचायत स्तरीय रात्रिकालीन क्रिकेट व कबड्डी की प्रतियोगिता आयोजन सहित लाखा का खेड़ा में मां गायत्री गौशाला निर्माण करने पर सहमति को लेकर विचार विमर्श किया गया। कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन को लेकर मेला कार्यकारिणी बनाई जाकर जिम्मेदारियाँ सौंपी गई। बैठक में उपस्थित संतों द्वारा भजन कीर्तन में उपस्थित जनमानस ने भक्ति गीत गाये। बैठक में तुम्बड़िया सरपंच रामप्रसाद शर्मा, उपसरपंच नारायण लाल गाडरी के अलावा अनेक गणमान्य मौजूद थे।

## बिरला सीमेन्ट वर्क्स में मनाया 53वाँ राष्ट्रीय संरक्षा सप्ताह समारोह




» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** कारखाना एवं बॉयलर्स चित्तौड़गढ़ के वरिष्ठ निरीक्षक धीरज कुमार जी पंवार ने कहा कि हमें संस्थान में सुरक्षा के महत्व को बढ़ावा देना चाहिए ताकि सम्भावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके। सुरक्षित तरीके व सेफ्टी नियम अपनाने से सभी श्रमिक सुरक्षित रह सकते है। वे बिरला व चन्देरिया सीमेन्ट वर्क्स में राष्ट्रीय संरक्षा सप्ताह के उपलक्ष में आयोजित समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रहे थे, उन्होंने बिरला व चन्देरिया सीमेन्ट वर्क्स में सेफ्टी उपाय को बढ़ावा देने व दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिये किये गये प्रयासों की सराहना की व शून्य दुर्घटना के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये सभी कर्मचारियों की प्रशंसा की। कार्यक्रम का शुभारम्भ धीरज कुमार पंवार, टेक्निकल हेड सुनील कुमार कोठारी, कारखाना प्रबन्धक आर.सी. झंवर, विनोद पालीवाल, कैशव पाण्डे, मुकेश देवपुरा, सेफ्टी हेड़ कौशिक सवानी द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। तत्पश्चात् मुख्य अतिथि एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों का स्वागत पुष्प गुच्छ भेंट कर किया गया। इससे पूर्व सेफ्टी सम्बन्धित टिप्स एवं सेफ्टी बेज बांटे गये। कारखाना प्रबन्धक झंवर ने सभी उपस्थित कर्मचारियों एवं अधिकारियों को संरक्षा शपथ दिलायी। इस अवसर पर टेक्निकल हेड़ कोठारी ने अपने संरक्षा सन्देश में कहा कि सभी कर्मचारियों को सेफ्टी के नियमों व निर्देशों का पालन करना चाहिए एवं इसे जिम्मेदारी से सभी को निभानी चाहिए। जब कार्य को सुरक्षित एवं सुनियोजित तरीके से किया जाता है तो दुर्घटना को टाला जा सकता है। उन्होंने शून्य दुर्घटना के लक्ष्य को हासिल करने के लिये सभी को धन्यवाद दिया। समारोह में कौशिक सवानी द्वारा संस्थान में सेफ्टी के सम्बन्ध में हासिल किये गये विभिन्न मानकों, आयामों एवं इससे सम्बन्धित अन्य उपयोगी जानकारी भी दी। इस अवसर पर अशोक तिवारी व अजय व्यास टीम द्वारा सेफ्टी नाट्य प्रस्तुति दी गई, जिसका उपस्थित सभी दर्शकों ने तालियों से अभिनन्दन कर भरपूर सराहा। अजय व्यास, प्राण वल्लभ एवं राजाराम द्वारा कविता प्रस्तुत की गई। इसके अतिरिक्त संरक्षा सप्ताह के उपलक्ष में सेफ्टी पोस्टर, निबन्ध, स्लोगन, सेफ्टी क्विज एवं प्रश्नोत्तरी, व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया तथा प्रतियोगिताओं के सभी विजेताओं को समारोह में पुरस्कार प्रदान किये गये। प्लान्ट सेफ्टी समिति चेयरमेन एवं सदस्यों, प्रतिमाह सेफ्टी बुलेटीन में सेफ्टी सन्देश देने वाले विभिन्न कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह भेंट किये गये। साथ ही आयोजन का मुख्य आकर्षण लक्की ड्रॉ रहा जिसके नम्बर निकाले विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किये गये। कार्यक्रम के अन्त में कौशिक सवानी द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। संचालन एच.आर. विभाग के जगदीश नागदा द्वारा किया गया।

प्रथम अग्र विभूति अलंकरण समारोह की तैयारियां जोरों पर

# 32 अग्र विभूतियां होंगी अलंकृत



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**कोलकाता।** अग्रवाल समाज का पूरे विश्व में पहली बार बड़ा अलंकरण समारोह 8 जून को देश की व्यापारिक नगरी कोलकाता में संपन्न होने जा रहा है, तथा इस आयोजन में जहां देश-विदेश की अग्रवाल समाज की 32 विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा, तो वहीं इस सम्मान कार्यक्रम के लिए भी समाज के जाने-माने लोग अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन द्वारा निर्धारित प्रोफार्मा पर अपनी उपलब्धियां को प्रेषित कर रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार मित्तल ने कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश विदेश में निवासरत 32 चयनित अग्र विभूतियों का कोलकाता में भव्य सम्मान होंगा, तथा अंतर्राष्ट्रीय प्रथम अग्र विभूति अलंकरण राष्ट्रीय आयोजन समिति के सभी सदस्य एवं वृहत्तर कोलकाता समन्वय समिति के सदस्य अपने- अपने प्रयासों द्वारा दिन रात आयोजन को मूर्त रूप एवं भव्यता प्रदान करने में लगे हुए है। अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन परिवार के सभी सम्मानीय ट्रस्टियो ने अंतर्राष्ट्रीय प्रथम अग्र विभूति अलंकरण समारोह 2024 कार्यक्रम की जोर सोर से चल रही तैयारियों पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के भव्य एवं सफल आयोजन हेतु सभी सम्मानिय सदस्यों से तन मन धन से सहयोग करने की अपील की।



## अग्रसेन नगर कॉलोनी में मनाया फागोत्सव

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** होली अवसर पर विभिन्न जगहों पर आयोजित महोत्सवों के अन्तर्गत सोमवार को अग्रसेन नगर कॉलोनी में महिलाओं द्वारा फागोत्सव मनाया गया।सुधा काबरा ने बताया कि राधा, रूकमण, कृष्ण की सजीव झाँकियों के साथ फूलों की होली खेली गई। उन्होंने बताया कि हेमा शर्मा ने कृष्ण झाँकी, पुष्पा सोमानी-सुनिता चौधरी ने राधा-रूकमण की सजीव झाँकी का प्रदर्शन किया वहीं गुर्जर-गुजरी का स्वरूप वंदना अग्रवाल व वैदिका मूंदड़ा ने धरा। इस अवसर पर कृष्ण सखी मंडल की पारूल, सीमा व तेजस्वी ग्रुप से अरूणा सुखवाल व उनकी टीम ने भजनों की प्रस्तुति दी। निर्धारित ड्रेस कोड में सम्मिलित समस्त महिला सदस्यों ने रंग मत डाले रे सांवरिया भजन पर नृत्य किया। इस अवसर पर राजकुमारी अजमेरा, तारा मालीवाल, नेवी कंवर, चंदा सोमानी, सुमन मूंदड़ा, दीपा अग्रवाल, गुड्डी तोतला, सुशीला कलंत्री, दीपिका अजमेरा, पूजा आदि उपस्थित रहे।

## आयुष्मान आरोग्य मंदिर की सुविधाओं का किया जा रहा है प्रचार-प्रसार



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**कोटा।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला स्वास्थ्य समिति एवं विकल्प इंडिया सोसायटी, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में कोटा जिले के आयुष्मान आरोग्य मंदिर (उपकेंद्र) पर प्रदान की जाने वाली सुविधाओ के बारे में जन समुदाय को जानकारी देने के लिए एलईडी वाहन मय मायकिंग द्वारा व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है, एलईडी वाहन कोटा जिले के प्रत्येक ब्लॉक लाडपुरा, इटावा, सुल्तानपुर, चेचट, सांगोद के प्रत्येक आयुष्मान आरोग्य मंदिर उपकेंद्र के क्षेत्रों में स्थानीय भाषा में स्वच्छ एवं स्पष्ट शब्दों से एचडबल्यूसी केंद्रों पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न जनकल्याण कारी योजनाओं के बारे में आमजन को जागरूक किया जा रहा है सोसायटी अध्यक्ष संजय कटारा ने बताया कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर उपकेंद्र, हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर (उप-केन्द्र) में मिलने वाली ओ.पी.डी. सेवाएं, निशुल्क जांच एवं दवाइयों की सुविधा, स्वास्थ्य सेवाप्रदाता से परामर्श, बी.पी, शुगर एवं हृदय रोग सहित अनिवार्य सूची की सभी दवाइयो की उपलब्धता मुख, गर्भाशय एवं स्तन कैंसर की जांच, प्रसव पूर्व देखभाल एवं प्रसव सेवाएं, सामान्य प्रसव सेवाए प्रसव से पहले या बाद की जांच, अनिवार्य सूची की सभी 7 जांच की उपलब्धता, नवजात, शिशु स्वास्थ्य एवं टीकाकरण, परामर्श एवं देखभाल, योग एवं वेलनेस, टीकाकरण सेवा, मानसिक स्वास्थ्य, किशोर स्वास्थ्य, परिवार नियोजन और वयोवृद्ध स्वास्थ्य सेवाएं, आयुष्मान आरोग्य मंदिर के परिसर में/निकट 'योग स्थल' की व्यवस्था की जानकारी सोसायटी द्वारा एलईडी वाहन के माध्यम से आमजन अवगत कराया जा रहा है जिससे सभी पीड़ित व्यक्ति सुविधाओं का लाभ ले सके। ब्लॉक में संचालित एलईडी वाहन का निरीक्षण एवम मॉनिटरिंग का कार्य गौरव मिश्रा, वैभव मिश्रा, हेमलता शर्मा, अनिल कुमार कर रहे है।

## तंबाकू मुक्त विद्यालय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**बूंदी।** कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी व नोडल अधिकारी राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ बूंदी एवं विकल्प इंडिया सोसाइटी जयपुर के संयुक्त तत्वाधान में बूंदी जिले के 5 खंड नैनवां, बूंदी, केशवराय पाटन, तालेड़ा,हिंडोली क्षेत्र में निजी एवं सरकारी विद्यालयों में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत तंबाकू मुक्त विद्यालय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र छात्राओं को तंबाकू से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी तथा तंबाकू के सेवन से होने वाली बीमारियों के विषय में जानकारी देकर अवगत कराया जा रहा है, जिले के विद्यालयों में सोसायटी द्वारा बैनर, पंपलेट वितरण एवं चस्पा कर शिक्षण परिसर में 100 गज की परिधि क्षेत्र में तंबाकू विक्रय एवं सेवन को कानूनी अपराध मानते हुए ?200 के जुर्माने का प्रावधान हेतु संदेश देकर अवगत कराया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के साथ निबंध प्रतियोगिता तंबाकू कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय मूल्यांकन प्रपत्र भी भरा जा रहा है। एवं तंबाकू सेवन न करने की शपथ दिलाई जा रही है। सोसायटी के अध्यक्ष संजय कटारा ने बताया कि क्षेत्र में सोसाइटी के प्रतिनिधि गौरव कुमार मिश्रा एवं वैभव मिश्रा कार्यक्रमों का जिला स्तर से संचालन व निरीक्षण कर रहे हैं, विद्यालय कमेटी द्वारा प्रथम 3 स्तर पर विद्यार्थियों का चयन कर इन्हें बैग व प्रमाण पत्र तथा अन्य विद्यार्थियों को पारितोषिक के रूप में डायरी, पेन, पेंसिल, इरेजर, सॉपनर आदि का वितरण किया गया। सोसायटी के प्रतिनिधियों द्वारा कोटप्पा अधिनियम 2003 के बारे में विद्यार्थियों व विद्यालय के कार्मिकों को जानकारी दी गई एवं समस्त स्टाफ और विधार्थियो को तंबाकू मुक्त परिसर रखने के साथ तंबाकू उत्पादों का सेवन नही करने की शपथ दिलवाई। कार्यक्रम में बच्चो ने बढ़ चढ़कर कर हिस्सा लिया।

## घर मंगवाये जागरूक जनता हमें कहें.....

सदस्यता फार्म

दिनांक ....................

जागरूक जनता हिन्दी अखबार एक उद्देश्य, एक मिशन, एक विश्वास के साथ आमजन की समस्याएं, वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य, सांस्कृतिक गलियारा, भौगोलिक दृष्टिकोण को एक-दूसरे से साझा करने के लिए एक सेतु का काम कर रहा है। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिकतम एवं तकनीकी जानकारी पहुंचाकर शहरी एवं ग्रामीण विकास को प्रोत्साहित कर रहा है। जागरूक जनता समय-समय पर भिन्न-भिन्न विषयों के साथ- अपने पाठकों के बीच उपस्थित रहता है।

सदस्यता राशि

☐ एक वर्ष रु. 250/- ☐ दो वर्ष रु. 450/- ☐ तीन वर्ष रु. 600/- ☐ पांच वर्ष रु. 1000/-

डाक से नियमित रुप से निम्न पते पर जागरूक जनता भेजने के लिए डिमान्ड ड्राफ्ट/मनीऑर्डर जागरूक जनता के नाम भेज रहा हूं। फोन-पे, पेटीएम-9829329070

नाम / संस्था का नाम ..........................................

पता : ..........................................

..........................................

फोन .................................... पिन कोड ☐☐☐☐☐☐

राशि (रुपए) .............................. बैंक का नाम ..............................

डिमान्ड ड्राफ्ट / मनीऑर्डर क्रमांक ☐☐☐☐☐☐ (डीडी/एमओ जागरूक जनता के नाम भेजें)

• सदस्यता रजिस्ट्रेशन क्रं. ..........................................रसीद क्रं. ......................

दिनांक .................... हस्ताक्षर

सदस्यता हेतु लिखे प्रसार प्रभारी →

जागरूक जनता
विश्वसनीय हिन्दी अखबार

बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर (राज.) मो.- 9829329070, 9928022718

R.N.I.Regd.No.:RAJHIN/2015/61758
डाक पंजीयन सं. : jaipurcity/105/2024-26

सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की याचिका

# कृष्ण जन्मभूमि मामले में मुस्लिम पक्ष को झटका

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**मथुरा।** मथुरा श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद में मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने मस्जिद कमेटी की याचिका खारिज कर दी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा- यह विषय हाईकोर्ट में ही रखें। मस्जिद कमेटी ने इलाहाबाद HC के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें HC ने इस विवाद से जुड़े 15 मुकदमों को एक साथ जोड़कर सुनवाई करने का फैसला लिया था।

### मुकदमों का एक साथ हो सुनवाई

23 मई 2023 को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा था कि ये सभी मुकदमे एक ही तरह के हैं, जिनमें एक ही तरह के सबूतों के आधार पर फैसला होना है। लिहाजा, कोर्ट का समय बचाने के लिए ये बेहतर होगा कि इन मुकदमों पर एक साथ सुनवाई हो। इस आदेश के खिलाफ मुस्लिम पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट में SLP दाखिल की थी। इसमें मांग की थी कि सभी मुकदमों को अलग-अलग सुना जाए। हिंदू पक्षकार महेंद्र प्रताप सिंह का कहना है कि मुस्लिम पक्ष चाहता था कि मामले की सुनवाई अलग-अलग हो। मगर सुप्रीम कोर्ट ने उनकी SLP खारिज कर दी। वो चाहते हैं कि यह मामला लटका रहे।

# ₹150 देकर अब भी बदल सकते हैं दो हजार के नोट



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** यदि आपके पास दो हजार के नोट हैं और बदलवाने से चूक गए हैं, तो यह खबर आपके लिए ही है। अब भी डाकघर के माध्यम से आप नोट बदलवा सकते हैं। डाकघर में एक व्यक्ति दस नोट जमा करवा सकता है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआइ) ने पिछले साल 19 मई को दो हजार रुपए बंद करने की घोषणा कर दी थी। इसके बाद सात अक्टूबर तक बैंक में दो हजार के नोट जमा करवाने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई थी। आज भी तमाम लोग ऐसे हैं, जिनके पास दो हजार के नोट हैं, लेकिन जानकारी के अभाव में वे बदलवा नहीं पा रहे हैं।

### ऐसे बदलवाएं नोट

आरबीआई या डाकघर की वेबसाइट पर नोट बदलवाने का फार्म डाउनलोड कर तीन प्रिंट निकाल लें। फार्म को भरकर सभी नोट की संख्या अंकित करें। आवेदक को कैंसिल चेक सहित पेनकार्ड की प्रति संलग्न करनी होगी। इसके बाद फार्म को डाकघर में नोटों के साथ लिफाफे में डालकर जमा करवाएं। लिफाफे को आवेदक के सामने सील किया जाएगा। एक फार्म सील लगाकर आवेदक को दिया जाएगा। लिफाफे पर 'द जनरल मैनेजर इश्यू डिपार्टमेंट, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, रामबाग सर्कल, टोंक रोड, पोस्ट बॉक्स नंबर 12, जयपुर, राजस्थान' का पता लिखें और एक तरफ अपना भी पता लिखें। इस सेवा के लिए डाकघर प्रति नोट डेढ़ सौ रुपए का शुल्क जमाकर प्राप्ति रसीद देगा। एक माह में बदले गए नोट की राशि आवेदक के खाते में जमा हो जाएगी।



# सर्वश्रेष्ठ सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा के लिए ट्रॉफी देकर किया सम्मान

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री ट्रॉफी नई दिल्ली में वर्ष 2022 के लिए सर्वश्रेष्ठ सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाओं (एएफएमएस) हेतु और सर्वश्रेष्ठ कमांड अस्पतालों को महानिदेशक सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा तथा वरिष्ठ कर्नल कमांडेंट, सेना चिकित्सा कोर लेफ्टिनेंट जनरल दलजीत सिंह द्वारा प्रदान की गई। कमांड अस्पताल (दक्षिणी कमान), पुणे को सर्वश्रेष्ठ और कमांड अस्पताल (मध्य कमान), लखनऊ दूसरे सर्वश्रेष्ठ कमांड अस्पताल के रूप में वर्ष 2022 के लिए पुरस्कृत किया गया। महानिदेशक सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा ने इन दोनों अस्पतालों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

उन्होंने सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाओं द्वारा प्रदान की जा रही सराहनीय सेवाओं की प्रशंसा की, जिसमें युद्ध क्षेत्र में चिकित्सा सहायता से लेकर परिचालन भूमिकाओं में तैनात सैनिकों के साथ-साथ एएफएमएस के मध्य-जोनल, क्षेत्रीय व तृतीयक स्तर पर देखभाल अस्पतालों में अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं शामिल हैं। लेफ्टिनेंट जनरल दलजीत सिंह ने सैन्य गतिविधियों के दौरान और शांति काल के साथ-साथ मानवीय सहायता एवं आपदा राहत प्रदान करने के लिए बुलाए जाने पर चिकित्सा सहायता प्रदान करने में सभी चुनौतियों का सामना करने के उद्देश्य से सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाओं की तैयारियों पर जोर दिया। महानिदेशक सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा ने हर समय पेशेवर उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने की सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाओं की दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने इस बात की जानकारी दी कि प्रतियोगिता में वर्ष 2023 से आर्मी इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियो-थोरेसिक साइंसेज (एआईसीटीएस), पुणे और बेस हॉस्पिटल दिल्ली कैंट भी भाग लेंगे।पुरस्कार समारोह में डीजीएमएस, डीसीआईडीएस (चिकित्सा), डीजी (संगठन एवं कार्मिक) एएफएमएस, डीजीएचएस (एएफ), सीनियर कंसल्टेंट (चिकित्सा), एमजी मेड, मुख्यालय दिल्ली क्षेत्र और सीनियर कंसल्टेंट (शल्य चिकित्सा) ने भी हिस्सा लिया। रक्षा मंत्री ट्रॉफी की शुरुआत साल 1989 में एएफएमएस के सशस्त्र बल अस्पतालों द्वारा प्रदान की जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्टता को पहचानने और उनके बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई थी।

लेफ्टिनेंट जनरल या फिर समकक्ष रैंक के सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाओं के अधिकारी की अध्यक्षता वाली एक चयन समिति, अस्पतालों के ऑन-साइट दौरे के समय मूल्यांकन किए गए उद्देश्य प्रदर्शन संकेतकों के आधार पर एक व्यापक चयन प्रक्रिया के माध्यम से प्रत्येक वर्ष पुरस्कार के लिए अस्पतालों की सिफारिश करती है।

कोटा स्टूडेंट किडनैपिंग केस

# बेटी को सुरक्षित घर वापस लाने की जिम्मेदारी अब मेरी-सिंधिया





### ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सीएम भजनलाल शर्मा और बेटी के पिता से फोन पर की बात

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**शिवपुरी।** शिवपुरी के स्कूल संचालक की कोटा में पढ़ने वाली बेटी की किडनैपिंग के सनसनीखेज मामले में अब केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की एंट्री हो चुकी है। गुना शिवपुरी लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मामले पर संज्ञान लेते हुए खुद फोन पर राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा से फोन पर बात कर पुलिस की सहायता से छात्रा को सुरक्षित खोजकर घर वापस लाने की बात कही है। इतना ही नहीं सिंधिया ने छात्रा के पिता से भी फोन पर बात कर ये भी कहा है कि बेटी को सुरक्षित घर वापस लाने की जिम्मेदारी अब मेरी है।

### एक्शन में सिंधिया

**शिवपुरी** के निजी स्कूल संचालक की बेटी के राजस्थान के कोटा से किडनैप होने का मामला संज्ञान में आते ही ज्योतिरादित्य सिंधिया ने राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा से बात की है। सिंधिया ने उनसे कहा है कि पुलिस जल्द से जल्द तहकीकात कर MP की बेटी को वापस लाए। सिंधिया ने इसके साथ ही पीड़ित बच्ची के पिता से भी फ़ोन पर बात कर उन्हें हिम्मत दी है। सिंधिया ने फोन कर कहा है कि बेटी को वापस लाना अब मेरी जिम्मेदारी है। वह बस आपकी बेटी नहीं मेरी भी बेटी है। मैं समझ सकता हूं आप लोगों पर क्या बीत रही है, इसलिए आप अपनी धर्मपत्नी का ध्यान रखिए। मैं इस मामले को खुद मॉनिटर कर रहा हूं,आप चिंता मत करिए। ऐसी स्थिति में कोई भी परेशानी हो तो आप मुझे कॉल करिएगा मैं भी आपके संपर्क में रहूंगा।

### 30 लाख की मांगी है फिरौती

**शिवपुरी** जिले के बैराड़ निवासी प्राइवेट स्कूल संचालक रघुवीर धाकड़ की 18 साल की बेटी पिछले 6 महीने से कोटा राजस्थान में रहकर नीट (ह्ृश्वश्वञ्ज) की तैयारी कर रही थी। सोमवार की शाम अचानक रघुवीर धाकड़ के मोबाइल पर उसकी बेटी के फोटो आए। इसमें उसके हाथ पैर बंधे और मुंह बंधा हुआ नजर आ रहा है। फोटो भेजने वाले ने मैसेज में बताया कि हमने तुम्हारी बेटी का अपहरण कर लिया है और बेटी को जिंदा देखना चाहते हो तो 30 लाख रुपए की व्यवस्था कर दो। बदमाशों ने पिता को एक बैंक खाता नंबर भी दिया है और बताया कि इस खाते में पूरे 30 लाख रुपए जमा कर दो, नहीं तो हम तुम्हारी बेटी को मार देंगे।

# शराब नीति घोटाला : ED के 9 समन के खिलाफ दिल्ली हाई कोर्ट पहुंचे अरविंद केजरीवाल, आज होगी सुनवाई

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब नीति घोटाले के मामले में ईडी सीएम केजरीवाल को अब तक 9 समन जारी कर चुकी है। ऐसे में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने ईडी के खिलाफ कानूनी कदम उठाया है। दरअसल अरविंद केजरीवाल ने ईडी द्वारा भेजे गए सभी समन का विरोध करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। अरविंद केजरीवाल ने हाई कोर्ट में याचिका डाली है। जिसमें उन्होंने ईडी द्वारा भेजे गए सभी समन को गैरकानूनी बताया है। बता दें कि इस मामले में दिल्ली हाई कोर्ट डिविजन बेंच कल यानी की 20 मार्च को सुनवाई करेगी।

# चुनाव कवरेज के लिये अधिकृत मीडियाकर्मियों को डाक से वोट की सुविधा

**नई दिल्ली @ जागरूक जनता।** चुनाव आयोग ने आगामी आम चुनावों के संदर्भ में 'मीडिया कर्मियों' को 'आवश्यक सेवा श्रेणी' के तहत अधिसूचित किया है और उन्हें डाक से मतदान करने का अधिकार दिया है। आयोग की ओर से मंगलवार को जारी एक विज्ञप्ति में इस अधिसूचना को साझा करते हुये कहा गया है कि दिल्ली में वे मीडियाकर्मी जो मतदान के दिन कवरेज के लिये आयोग द्वारा अधिकृत हैं, वे डाक मतपत्र के माध्यम से अपना वोट डालने के विकल्प का लाभ उठा सकते हैं। आयोग ने कहा है कि इसके लिये वे मीडियाकर्मी उस संसदीय क्षेत्र के संबंधित डीईओ/आरओ के कार्यालय से फॉर्म 12 डी प्राप्त कर सकते हैं, जहां वे मतदाता के रूप में पंजीकृत हैं। वे संबंधित सीईओ/डीईओ की वेबसाइट से फॉर्म 12 डी भी डाउनलोड कर सकते हैं। आयोग ने कहा है कि वह हमेशा मीडिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव के संचालन में महत्वपूर्ण सहयोगी माना है।




संपादक : ज्ञानेन्द्र मिश्रा मो.-9829329070, फोन : 0141-3587886, ईमेल : jagrukjantanews@gmail.com (सभी मामलों का न्याय क्षेत्र जयपुर) * पीआरबी एक्ट के तहत खबर चयन के जिम्मेदार। संपादकीय कार्यालय : 180, जे.पी. कॉलोनी, मैन आपीए रोड, 16 नं. बस स्टैण्ड, विद्याधर नगर, जयपुर (राजस्थान)-302039